डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

रॉयल पत्रिका न्यूज़ पेपर, वेबसाइट और डिजिटल में विज्ञापन के लिए संपर्क करें। 9799559096

# रॉयल पत्रिका

मुस्लिम रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़े पेज 5

वर्ष :19 | अंक : 31 | पेज: 8 | जयपुर, सोमवार, 02 सितम्बर से 08 सितम्बर 2024 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

## विधायक पर हमला, तो सुरक्षित कौन !

- -विधायक रफीक खान पर उनके निवास पर हमला ।
- -क्या प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब हो रही है ?
- -क्या विधायक रफीक खान पर हमला कोई राजनीतिक षड्यंत्र है ?
- -रफीक खान पर हमला कमजोर मुस्लिम राजनीति का भी परिणाम हो सकता है !

**एम. खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । आदर्श नगर विधायक रफीक खान पर एक झुंझुनू के युवक विकास जाखड़ ने अचानक हमला कर दिया और गला दबाकर मारने की कोशिश की गई, लेकिन विधायक निवास पर मिलने आए लोगों ने विकास जाखड़ को पकड़ लिया और विधायक रफ़ीक़ खान को बचाया बाद मे भीड़ ने आरोपी साथ मारपीट भी कर दी । बाद में विधायक रफीक खान ने पुलिस को सूचना दी, सदर थाना विकास जाखड़ को पकड़ कर थाने ले गई । आरोपी विकास जाखड़ ने आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सेठी कॉलोनी स्थित सैटेलाइट अस्पताल में नर्सिंग की नौकरी कर रही उसकी पत्नी को अधिकारियों द्वारा परेशान करने से बचाने में मदद नहीं करने का आरोप लगाया, जबकि विधायक एवं अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रफीक खान ने बताया कि मैं विकास जाखड़ को नहीं जानता हूं । यदि कोई मदद की जरूरत थी तो बताना चाहिए था, बात करनी चाहिए थी, हमला करने की क्या जरूरत थी ।





### विधायक पर हमला प्रदेश की राजनीति के लिए शुभ संकेत नहीं

आदर्श नगर विधायक रफीक खान पर अचानक हमला प्रदेश की राजनीति के लिए शुभ संकेत नहीं माने जा सकते हैं । प्रदेश में किसी भी विधायक चाहे वह किसी भी राजनीतिक पार्टी का हो हमला हो सकता है, मारपीट हो सकती है और हत्या हो सकती है । प्रदेश सरकार यदि विधायक रफीक खान पर हमले को कांग्रेस विधायक पर हमला या मुस्लिम विधायक पर हमला मानकर कुछ नहीं करती है तो बड़ी भूल होगी, क्योंकि अपराधी किस्म के लोग दूसरे विधायकों पर भी हमले कर सकते हैं । ऐसी स्थिति में प्रदेश में अराजकता का माहौल बन सकता है । यदि किसी ने जाट, राजपूत, गुर्जर एवं मीना जाति के विधायक पर हमला कर दिया तो प्रदेश में अराजकता पैदा हो जाएगी । ऐसे मे प्रदेश कि भाजपा सरकार आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की नहीं सोच रही है तो यह गलत है । सरकार जब अपने विधायकों की सुरक्षा में नाकाम रहती है तो अपराधों पर कैसे नियंत्रण रख सकती है । प्रदेश में अपराध बढ़ने पर सरकार के प्रति जनता में आक्रोश बढ़ेगा, जो एक चुनी हुई सरकार के लिए शुभ संकेत नहीं है । वैसे भी प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है ।

### मुसलमानों की कमजोर राजनीति

प्रदेश में 11-12 प्रतिशत जनसंख्या होने के बावजूद मुस्लिम वर्ग एक पार्टी का वोट बैंक बनकर रह गया है । मुस्लिम लीडर विधायक और अन्य चुने हुए प्रतिनिधि सिर्फ कांग्रेस पार्टी की राजनीति करते हैं, वे मुस्लिम वर्ग की राजनीति नहीं करते हैं । यही कारण है कि वर्तमान में मुसलमानों की आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक स्थिति बेहद कमजोर है । यदि ऐसी घटना किसी जाट, राजपूत, मीना और गुर्जर समाज के विधायक के साथ होती तो राजस्थान जलने लग जाता, चाहे विधायक किसी भी पार्टी का होता । जिन जातियों की संख्या प्रदेश में 6-7 प्रतिशत से ज्यादा नहीं है उनके दो चार दर्जन तक विधायक जीत कर आए हैं । जबकि 11-12 प्रतिशत वाले मुस्लिम समाज से मात्र पांच विधायक ही विधानसभा चुनाव जीतकर आए हैं । विधायक और अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रफीक खान ने पिछले 5 वर्षों में काफी राजनीतिक प्रोग्रेस की है, लेकिन मुस्लिम वर्ग की प्रोग्रेस के बारे में भी उनको सोचना चाहिए । मुस्लिम वर्ग में आज सबसे ज्यादा बेरोजगारी, अशिक्षा, राजनीतिक अज्ञानता दिखाई दे रही है जिनको दूर करने के लिए वह मदद कर सकते हैं ।

### विधायक रफीक खान पर हमला राजनीतिक षड्यंत्र हो सकता है !

विधायक रफीक खान पर आरोपी विकास जाखड़ का हमला क्या राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है, यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है कि हमला राजनीतिक षड्यंत्र है । लेकिन कुछ बातें संकेत कर रही हैं कि विकास जाखड़ इस घटना का राजनीतिक लाभ उठाने की इच्छा रखता है, क्योंकि विकास झाखड़ दो व्यक्तियों को अपने साथ वीडियो बनाने के लिए लेकर आया, जिनको पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है । इन लोगों ने घटना के वीडियो को तुरंत मीडिया और सोशल मीडिया में वायरल किए । विधायक और अन्य को आरोपी के नाम तक की जानकारी नहीं थी, लेकिन मीडिया पूरी जानकारी दे रहा था । इसी तरह सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट दिखाई देने लगी जो जाट-मुस्लिम के बीच विवाद बढ़ाने की कोशिश थी । विकास जाखड़ पैरामिलिट्री फोर्स में असिस्टेंट कमांडेंट था । नौकरी छोड़कर आने के बाद उसने नकल माफियाओं के खिलाफ झुंझुनू में आंदोलन चलाया था और जेल भी गया था । दो वर्ष से विकास झाखड की गतिविधियां कम ही दिखाई दे रही थी । अब क्योंकि झुंझुनू में विधानसभा उपचुनाव होने जा रहा है । जबकि विकास जाखड की राजनीतिक महत्वाकांक्षा दिखाई दे रही है । किसी पार्टी और संगठन का उसको सपोर्ट भी मिल रहा है, ऐसी संभावना जताई जा रही है । दूसरी संभावना यह भी हो सकती है कि प्रदेश में जाट और मुसलमान राजनीतिक रूप से एक ही प्लेटफार्म पर दिखाई दे रहे हैं, जो एक मजबूत राजनीति का संकेत है । जाट-मुसलमान को आपस में दूर करने का षड्यंत्र हो सकता है ।

## सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता- भजनलाल शर्मा

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध के



खिलाफ पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति से सख्त से सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने पुलिस विभाग को पूर्ण मुस्तैदी से प्रदेश में आमजन को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेंज में दौरा करें एवं जिलेवार कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग करें। उन्होंने पुलिस विभाग को प्रदेश में आपराधिक घटनाओं को लेकर की गई कार्रवाई एवं सकारात्मक कार्यों की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। शर्मा ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि साइबर क्राइम पर रोकथाम जरूरी है। इसके लिए आमजन को जागरूक किया जाए एवं अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रखें। साथ ही नारकोटिक्स से संबंधित मामलों एवं अवैध खनन पर भी त्वरित कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग को बदलते समय के साथ सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखनी है। इसके लिए आईटी विशेषज्ञों की सहायता ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर कालिका यूनिट के गठन की कार्यवाही को शीघ्र पूरा किया जाए। बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## देश की आर्थिक तरक्की और खुशहाली लाने में सांप्रदायिक एवं नफरत की राजनीति रुकावट पैदा कर सकती है !


जयपुर (रॉयल पत्रिका) । देश में लोगों के बीच धार्मिक आधार पर झगड़ा फसाद कुछ ज्यादा ही दिखाई देने लगे हैं । जगह-जगह धरने, प्रदर्शन, लाठी चार्ज, रेलियां, जुलूस एवं बंद के कारण आर्थिक गतिविधियां ठप पड़ जाती हैं । व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान झगड़े की आशंका से बंद रखने पड़ते हैं । मजदूरो, रिक्शा एवं टैक्सी चालकों को अपनी रोजी-रोटी के लिए इंतजार करना पड़ता है कि कब झगड़ा, प्रदर्शन, रैली, बंद या कर्फ्यू समाप्त हो । देश में पहले से ही बेरोजगार युवाओं की भीड़ है जो रोजगार के लिए भागदौड़ करती रहती है । वर्तमान में कुछ लोग अपनी कुर्सी बचाए रखने के लिए देश को नफरत एवं सांप्रदायिकता की आग में झोंकना चाहते हैं । हमारा देश भारत पड़ोसी चीन के साथ ही अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुआ था । वर्तमान में चीन दुनिया की दूसरे नंबर की आर्थिक पावर है और जबकि हमारा देश हिंदू मुस्लिम की राजनीति के दलदल में फसाया जा रहा है । देश में बाहरी निवेश तभी अधिक आएगा, जब देश में शांति एवं अच्छा माहौल बनेगा । जब सभी को आसानी से व्यापार करने, आर्थिक गतिविधि चलाने की छूट मिलेगी ।

नफरत की राजनीति के चलते छोटे-छोटे मुद्दों पर बड़े विवाद होते हैं, मारपीट होती है और हत्या कर दी जाती है । यह हिंदू मुस्लिम की राजनीति देश को कमजोर कर रही है । दसवीं कक्षा के बच्चों में चाकूबाजी, 65 वर्ष के बुजुर्ग की युवाओं द्वारा ट्रेन में हत्या, गाय के मीट के आरोप में हरियाणा में युवक की हत्या, 10 करोड़ के मकान पर बुलडोजर चलाना आदि नफरत की राजनीति के उदाहरण है । इजराइल और फिलिस्तीन में नफरत की जंग हो रही है । करीब 10 महीने बाद भी जंग नहीं रुक रही है । दोनों देशों के साथ अन्य देश भी जंग में कूद गए हैं । जंग रुके ना रुके लेकिन उनकी बर्बादी निश्चित है ।आर्थिक गतिविधि बिल्कुल ठप हो गई है । हमारे नेताओं को सोचना चाहिए कि नफरत की राजनीति देश को खोखला कर सकती है, अपने ही देश को नुकसान पहुंचाना देश के साथ गद्दारी है। इसलिए देश को बचाने के लिए देश में शांति एवं भाईचारा जरूरी है ।

## अब नहीं पढ़ाया जाएगा "अकबर" महान

**-शिक्षा मंत्री ने कहा, वह एक लुटेरा था**
**-मदन दिलावर ने कहा कि महाराणा प्रताप से बड़ा महान कोई नहीं हो सकता।**

शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव आने वाला है। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने एक महत्वपूर्ण बयान दिया है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि अब राज्य के स्कूलों में 'अकबर महान' नहीं पढ़ाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि अकबर, जिसे इतिहास में "महान"



के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, वास्तव में एक लुटेरा था जिसने कई वर्षों तक देश को लूटा। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, "ऐसे इंसान को कैसे महान कहा जा सकता है, जो मीना बाजार लगाता था और महिलाओं को उठा ले जाता था?"

मदन दिलावर ने यह भी कहा कि महाराणा प्रताप से बड़ा महान कोई नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, "अकबर को महान पढ़ाने वाले लोग राजस्थान और मेवाड़ के सबसे बड़े दुश्मन हैं।" शिक्षा मंत्री ने शपथ लेते हुए कहा कि राजस्थान में अब किसी भी पाठ्यपुस्तक में अकबर को इस रूप में नहीं पढ़ाया जाएगा।

**बदलाव का उद्देश्य**

राज्य सरकार का यह कदम इतिहास के पुनर्लेखन की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है। सरकार का मानना है कि इतिहास के वास्तविक नायकों को उनका उचित स्थान मिलना चाहिए। महाराणा प्रताप, जो मुगलों के खिलाफ अपने साहस और संघर्ष के लिए जाने जाते हैं, को अब राज्य के स्कूलों में और अधिक सम्मान के साथ पढ़ाया जाएगा।

मदन दिलावर के इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में भी हलचल मच गई है। इस फैसले का असर आने वाले दिनों में राजस्थान की शिक्षा व्यवस्था और राजनीतिक परिदृश्य पर कैसे पड़ेगा, यह देखना दिलचस्प होगा। वैसे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर अपने बयानों के लिए हमेशा चर्चित रहते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करना उनकी प्राथमिकता में नहीं है, लेकिन ध्रुवीकरण की राजनीति वे अच्छी तरह कर लेते हैं।

## राजस्थान मदरसा बोर्ड चैयरमेन एम.डी. चोपदार ने झुन्झुनूं विधानसभा से जताई कांग्रेस टिकट की दावेदारी

**-प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से मिलकर की दावेदारी पेश**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान मदरसा बोर्ड चैयरमेन एम.डी. चोपदार ने जयपुर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से पीसीसी कार्यालय में मुलाकात कर झुन्झुनूं विधानसभा के उपचुनाव के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की एवं झुन्झुनूं विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों से अवगत करवाया। चोपदार ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के सामने झुन्झुनूं विधानसभा क्षेत्र से अपनी दावेदारी प्रस्तुत करते हुये कहा कि झुन्झुनूं विधानसभा क्षेत्र से अल्पसंख्यक समुदाय के किसी भी व्यक्ति को आज तक प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं दिया गया है। अब समय आ गया है कि उन्हें प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया जाये।



चोपदार ने कहा कि वे पिछले 25 वर्षों से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पार्टी हित में कार्य कर रहे है और 36 बिरादरी के सुख-दुःख में सदैव साथ रहते है। झुन्झुनूं विधानसभा क्षेत्र की जनता के बीच उन्होंने समाजसेवा के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है और सर्व-समाज के साथ उनके अच्छे संबंध है। इसलिये झुन्झुनूं विधानसभा क्षेत्र से वे कांग्रेस के उपयुक्त उम्मीदवार साबित होंगे। चोपदार ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष से कहा कि आपके नेतृत्व में झुन्झुनूं सहित आगामी सभी उपचुनावों में निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी विजय परचम लहरायेगी। चोपदार ने कहा कि वे अतिशीघ्र ही प्रदेश के प्रभारी एवं वरिष्ठ नेताओं एवं आलाकमान से मुलाकात कर झुन्झुनूं विधानसभा से भी अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

## AAP विधायक अमानतुल्लाह को ED ने किया गिरफ्तार

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (AAP) के विधायक अमानतुल्लाह खान को अरेस्ट कर लिया है। ED दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए सुबह अमानतुल्लाह के घर पहुंची थी। 4 घंटे पूछताछ के बाद दोपहर 12.15 बजे ED अफसर उन्हें अरेस्ट करके ऑफिस ले गए। ओखला सीट से विधायक अमानतुल्लाह पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष रहते हुए 32 लोगों की अवैध भर्ती कराई और फंड का गलत इस्तेमाल किया। वक्फ की संपत्तियों को किराए पर दिया।



ED पहले भी 2 बार अमानतुल्लाह से पूछताछ कर चुकी है। ED के एक्शन के बाद अमानतुल्लाह ने कहा था- 'सर्च वारंट के नाम पर ED का मकसद सिर्फ मुझे गिरफ्तार करना है। मैंने हर नोटिस का जवाब दिया है। मुझे 2 साल ये लोग मुझे परेशान कर रहे हैं।'




# अटल सड़क योजनान्तर्गत सड़को की स्वीकृति पर पूर्व विधायक शर्मा ने जताया आभार

## -मोरीजा, कालाडेरा और ईटावा भोपजी में अटल पथ स्वीकृत होने पर मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का जताया आभार

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में अटल सड़क योजनांतर्गत सड़को की स्वीकृति मिलने पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया है।

अटल सड़क योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मोरिजा में चंदवाज़ी सड़क से अन्नतपुरा सीमा तक, ग्राम पंचायत कालाडेरा में पॉवर हाउस से मंडी छीपा मोहल्ला होते हुए पंचमुखी बालाजी खाती मोहल्ला से श्री जी के मंदिर होते हुए ग्राम पंचायत से मुख्य बाज़ार व बस स्टैंड की ओर और ग्राम पंचायत ईटावा भोपजी में एसएच37सी इटावा ढहर दुग्ध डेयरी से दोलत सिंह का बास होते हुए भोमिया जी की जोड़ी चिमनपुरा की ओर



सड़क की स्वीकृति मिली है।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र चौमूँ की 3 ग्राम पंचायतों में अटल सड़क योजनान्तर्गत सीसी सड़को की स्वीकृति मिली है। उक्त सड़को के निर्माण से ग्रामवासियो के लिए यातायात सुगम हो सकेगा।

# टोंक सांसद मीणा ने रफ़ीक़ खान पर हुए हमले को लेकर नाराज जनता की फरियाद सुनी

टोंक (रॉयल पत्रिका)। टोंक सवाई माधोपुर के कांग्रेस सांसद हरीश मीणा ने जयपुर आदर्श नगर विधायक रफीक खान पर हुए हमले को लेकर नाराज़गी प्रकट की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के शासन में कोई भी सुरक्षित नजर नहीं आता आए दिन महिलाओं के खिलाफ ज़्यादतिया और हर वर्ग के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिला अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं सरकार एक तरफ जिसके चाहे खिलाफ कार्रवाई कर रही है और जिसके खिलाफ कार्यवाही नहीं करना चाहती उसे मामले में वह अपना मुंह बंद कर लेती है। उन्होंने रफीक खान के ऊपर हुए हमले को लेकर कहा कि यह निंदनीय है और अब ऐसा लगता है की विधायक सांसद या बड़े नेताओं की सुरक्षा को भी अब खतरा महसूस होता दिखाई दे रहा है। सांसद मीणा यहां टोंक तहसील के निकट जिला परिषद में अपने सांसद कार्यालय पर आम जनता की फरियाद को सुन रहे थे, संवाद कार्यक्रम के तहत उन्होंने कार्यकर्ताओं से समस्याओं को जाना और आम जनता ने भी अपनी परेशानियों को लेकर उनसे बातचीत की उन्होंने विश्वास दिलाया के क्षेत्र के विकास को लेकर और आम जनता की परेशानी को दूर करने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सांसद मीणा को किसानों ने अपनी समस्या से अवगत कराया तो शहर के लोगों ने भी अपनी-अपनी समस्याएं रखी। रजबन क्षेत्र में राजकीय क्लीनिक पर आम जन को राहत नहीं मिलने को लेकर शिकायत की गई। उन्होंने कहा की क्लीनिक में आम जनता डॉक्टर और अन्य सुविधाओं को लेकर काफी दिनों से परेशान है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में कतइ गंभीर नजर नहीं आते। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हरि भाई हरि दिनेश चौरसिया फौजी राम मीणा युसूफ यूनिवर्सल, इम्तियाज़ खान, अजीज कुरैशी, अनवर आदिल ,जूनियर अब्दुल खालिक, हराकचंद गोलछा, कमलेश चावला, मनिंदर सिं,ह कैलाश देवी मीणा, एहसान बाबा, इरशाद बेग, फरीद खान, शब्बीर अहमद, पार्षद हंसराज फगना,



जरार खान, सहित कई नेता मौजूद थे। उधर मीणा ने उनियारा और देवली में भी कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होते हुए उनकी समस्याओं को जाना और उन्होंने उनियारा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस की जीत की संभावनाओं को मजबूत बताया।

उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हर हाल में कांग्रेस को विजय मिलेगी उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता इस जीत के लिए अपने आप को तैयार रखें और चुनाव की तैयारी में जुड़ जाए उनियारा में हुई बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष कमरुद्दीन ने सभी का स्वागत किया उधर देवली में हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने मीणा का स्वागत किया हरीश मीणा ने यहां कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सरकार राज्य में तानाशाही चल रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा नगर अध्यक्ष विनोद पुजारी माया सुवालका उप प्रधान महादेव मीणा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

बाद में हरीश मीणा ने सवाल जवाब के दौरान कहा कि यदि किरोड़ी लाल मीणा भाजपा से कांग्रेस में आते हैं तो हम उनका स्वागत करने के लिए तैयार हैं। कहा कि यदि किरोड़ी लाल मीणा भाजपा से कांग्रेस में आते हैं तो हम उनका स्वागत करने के लिए तैयार हैं।

## सवाई माधोपुर की डॉ. आरती रानी सिंह उत्तर प्रदेश में 14वीं हॉकी इंडिया कार्यक्रम में शामिल हुई

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। डॉ आरती रानी सिंह ज्वाइंट सेक्रेटरी हॉकी इंडिया को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया प्रमुख अधिकारियों की अपने आवास पर चाय पर मेज़बानी की। यूपी खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव एवं उत्तर प्रदेश के प्रमुख खेल सचिव आलोक कुमार भी




कांग्रेस में प्रतिभाग लिया जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हॉकी इंडिया की सभी 31 राज्य सदस्य इकाइयों के प्रतिनिधियों और हमारे अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन और डॉ रानी सहित उपस्थित थे। उत्तर प्रदेश में हॉकी के विकास पर एक आकर्षक चर्चा की, जिसमें राज्य में खेल को बढ़ावा देने के लिए नई पहलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारतीय हॉकी के भविष्य के लिए एक आशाजनक कदम है।


## चौमू विधायक डॉक्टर सिखा मील बराला ने स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी पर चर्चा की

**अहसान खान पठान**

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सामोद सभागार में राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी की शुक्रवार को विधायक डॉक्टर शिखा मिल बराला की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई ।इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही सी एचसी सामोद की स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी को लेकर चर्चा की गई ।विधायक डॉक्टर शिखा मिल बराला ने अस्पताल का निरीक्षण भी किया एवं अधिकारियों को समुचित चिकित्सा,सफाई व्यवस्था तथा दवा की उपलब्धता को,सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने एवं अस्पताल की जरूरत को देखते हुए विधायक कोष से सोनोग्राफी मशीन लगाने पर विचार किया जाएगा। ताकि अस्पताल में तकनीक का आधिकारिक उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इस मीटिंग में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी गोविंदगढ़ जेपी सैनी, सीएचसी प्रभारी डॉक्टर नरेंद्र सैनी ,डॉक्टर प्रदीप बारी, डॉक्टर बरखा गुर्जर, डॉक्टर कमलेश ,सहित राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# लगातार बारिश से किसान और बेरोजगार चिन्तित खराब हुई सड़कों के लिए करोड़ों मंजूर

टोंक (रॉयल पत्रिका)। पिछले महीने टोंक में लगातार हुई वर्षा ने राहत के साथ-साथ आफत भी बढ़ा दी है। लगातार हुई रिमझिम तेज और रुक रुक कर होने वाली बारिश ने जहां सड़कों का हाल बेहद खराब कर दिया। वहीं भाग दोड़ कर के दिन भर के लिए अपनी रोजी रोटी कमाने वालों का रोजगार भी प्रभावित हुआ है। रिमझिम तेज रुक रुक कर और लगातार हुई। बारिश से दिन में अपनी रोजी-रोटी का जुगाड़ करने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और बारिश से प्रभावित हुए लोगों को बेरोजगारी का सामना भी करना पड़ा। दिनभर कमाने वाले काफी संख्या में ऐसे लोग भी होते हैं जिनका काम बारिश से रुक जाता है और उन्हें अपने रोजी रोटी का संकट का सामना करना पड़ता है। वही इस बारिश ने मोहल्लों, गलियों और मुख्य सड़कों की हालत को बेहद खराब कर दिया है। मुख्य बाजार हो या मोहल्ले के क्षेत्र ऐसे सभी क्षेत्रों में कई जगह सड़कों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं, सड़के टूट गई हैं, सड़कों की हालत उबड़ खाबड़ हो गई है और लोगों को चलने फिरने और यातायात में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अच्छी बारिश की उम्मीद को लेकर किसानों ने जो फसले बोईं थी वह बड़ी हद तक खराब हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले माह अगस्त में बारिश लगातार होती रही साफ खुली हुई धूप बहुत कम निकली और आसमान में बादल मंडराते रहे, अभी भी धूप छांव का खेल जारी है। इस बारिश के चलते लोगों के पुराने और नए मकान भी टपकने लगे याद रहे कि गत वर्ष निरंतर इतनी मात्रा में बारिश नहीं हुई थी जिससे छतरी कूलर-पंखे और गर्मी से राहत पाने से जुड़ी चीजों की बिक्री नहीं हो पाई थी। इससे दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। लेकिन इस बार बरसातियां छतरियां ट्रिपाल कूलर पंखे भयंकर तेज गर्मी के चलते खूब खरीदे देखे जा सके दुकानदारों की काफी अच्छी दुकानदारी भी हुई और फायदा भी हुआ। बाहरहाल किसानों की खराब हुई फसल ने उनकी चिंता को बढ़ा दिया है। किसान सरकार से मुआवजे की मांग भी कर रहे हैं और शहर और ग्रामीण के लोग सड़कों की हालत को बहुत जल्द सुधारने की मांग भी कर रहे हैं। सड़कों को लेकर राज्य की उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने टोंक जिले में ग्रामीण सड़कों के निर्माण को लेकर भारी मात्रा में राशि की मंजूरी दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में 120 किलोमीटर से अधिक





सड़के बनेगी। 2024-25 के बजट घोषणा क्रियान्वती को लेकर यह स्वीकृति जारी हुई है। इस मंजूरी के तहत टोंक विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ से अधिक लागत की 4 किलोमीटर से ज्यादा की लंबाई की ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इसी तरह मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में 19 करोड़ के आसपास 30 किलोमीटर के करीब सड़क निर्माण होगा। वहीं देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में 40 करोड़ से अधिक की कीमत से 86 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जाएगा ग्रामीण सड़क निर्माण को लेकर काशी क्षेत्र में भी सड़के बनेगी। हालांकि इस बारिश से टोंक और जयपुर के लिए लाइव लाइन माने जाने वाले बीसलपुर बांध में पानी की आवक बहुत तेजी से बड़ी है और अगर आने वाले दिनों में बारिश का सिलसिला जारी रहा तो बीसलपुर बांध लबालब हो सकता है। बीसलपुर बांध में पानी की आवक बहुत तेजी से बड़ी है और अगर आने वाले दिनों में बारिश का सिलसिला जारी रहा तो बीसलपुर बांध लबालब हो सकता है।

## राधास्वामी फिजियोथेरेपी सेंटर सवाई माधोपुर में पिछले 12 वर्षों से दे रहा है सफल फिजियोथेरेपी सेवायें

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। सवाई माधोपुर में एक सम्पूर्ण आर्थोपेडिक,न्यूरोलॉजिकल एवं पीडियाट्रिक फिजियोथेरेपी सेंटर जो की पिछले 12 वर्षों से अब तक 40,000 से अधिक मरीजों को देखने का अनुभव रखता हैं।

हड्डियों का आर्थोपेडिक संबंधित बीमारियां,न्यूरोलॉजिकल संबंधित बीमारियां,पीडियाट्रिक एवं स्पोर्ट्स बीमारियां आदि बीमारियों का बेहतरीन सफल इलाज डॉ गणपत लाल वर्मा द्वारा किया जाता हैं। मरीज यदि चलने फिरने में असमर्थ है । उसके लिए डॉ गणपत लाल वर्मा व उनकी टीम आवासीय सुविधा भी देते हैं जिससे की मरीज का इलाज़ हो सके।सवाई माधोपुर में सर्किट हाउस रोड शनि महाराज मंदिर के सामने राधास्वामी फिजियोथेरेपी सेंटर स्थित हैं। डॉ गणपत लाल वर्मा को फिजियो के क्षेत्र में अनेक बार सम्मानित हो चुके हैं। राजस्थान के कई जिलो से लोग अपना इलाज कराने के



लिए यहां आते हैं, जैसे,बूंदी,सिरोही टोंक, करौली,झुंझुनूं, आदि।सवाई माधोपुर में राधास्वामी फिजियोथेरेपी सेंटर है, जो कि मरीजों का सम्पूर्ण इलाज़ की जिम्मेदारी पूरी करता हैं।जिला लेवल से लेकर स्टेट लेवल तक डॉ गणपत लाल वर्मा अनेकों बार सम्मानित हो चुके हैं डॉ गणपत लाल वर्मा 8 सितम्बर को विश्व फिजियो दिवस पर राजस्थान में फिजियो आईकन अवॉर्ड 2024 जयपुर में बेस्ट फिजियोथेरेपी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित होने जा रहे हैं।

## ( कैसा हमसफ़र था जो रास्ता ही बदल गया)( 2024)

ख़्वाब दिखाकर मुझे ख़्वाबों से निकल गया।
कैसा हमसफ़र था जो रास्ता ही बदल गया।।
हार के डर से ही जब बदल गया रंग उसका।
उसे जिताने को मैं भी गलत चाल चल गया।।
वस्ल की शब बन गई रात उसके इंतजार की।
सितारे भी थक गए चांद उकता के ढल गया।।
खुद्दारी के पैरों से न हुआ पार भूख का दरिया।
खुशामद की कश्ती से मैं उस पार निकल गया।
हाथ मेरी आंखों पर उसने रखा जो दफ्फतन।
ग़म के बादल छंट गए वक्ते-हिज़्रां भी टल गया।।

कैसे रोशन ये दिल होता अनवार-ए-इलाही से।
ऐ "अज़ीज़" तू तो हुस्न-ए-बुतां पर ही मचल गया।।
"अज़ीज़"



अब्दुल अज़ीज
मो. 9414595998
झालावाड़ (राज.)

## ग़ज़ल

शाम होते ही अंधेरों में बदल जाऊंगा
दिन के हंगामे की दुनिया से निकल जाऊंगा
तन्हा जीने का ना एहसास मुझको होने दे
वरना मैं फूल सा पैरों से कुचल जाऊंगा
तू मेरे दिल को खिलौनों से ना बहलाया कर
मैं हूं नादां तुझे पाने को मचल जाऊंगा
सख़्त जान हूं चट्टान हूं पर मोम सा
गर्मिए लम्स की शिद्दत से पिघल जाऊंगा
ये शिकायत ये तग़ाफ़ल है तिरा बैमानी
मुझको पहचान मैं हर सांचे में ढल जाऊंगा

**मौलिक रचना:- फ़ज़लुर्रहमान**
**Mobile No.9828668877**

# सांगा बाबा सर्किल की आत्मकथा और व्यथा

**सादिक हिन्दस्तानी**

सांगानेर (रॉयल पत्रिका)। मेरी आवाज सुनो........मैं सांगानेर का हृदय स्थल हूं। पहले मुझे लोग चौपड़ कहकर पुकारते थे। यह नया नाम सांगा बाबा सर्किल कस्बे की प्रतिष्ठित संस्था सांस्कृतिक विकास समिति के संस्थापक एवं महासचिव एडवोकेट पुरुषोत्तम नागर समाज सेवी के अथक प्रयासों से नगर निगम जयपुर के महापौर रहते हुए विष्णु लाटा के द्वारा दिलाया गया है। लेकिन नामकरण का शिला पट्टिका लगाकर नगर निगम प्रशासन मेरी सुध लेना भूल गया।

मैं यहां का चौराहा भी हूं। पूर्व की ओर जाने वाला रास्ता आपको ऐतिहासिक संघी जैन मंदिर तथा सांगा बाबा मंदिर के प्रसिद्ध त्रिपोलिया हनुमान मंदिर तक पहुंचाता है। पश्चिमी रास्ता तथा उत्तरी रास्ता जयपुर शहर की ओर पहुंचाने में मदद करता है। जबकि दक्षिण वाला रास्ता सांगानेर मुख्य बाजार की ओर जाता है। मैं सांगानेर की प्रमुख गतिविधियों का सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजनों का प्रमुख स्थल हूं। कोई भी आयोजन हो मैं उसका केंद्र बिंदु हूं। मेरे पास ही दक्षिणी पश्चिमी कोने पर स्थित भूखंड पर पूर्व मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी द्वारा एक पार्क तथा सर्किल पर फव्वारा लगाकर उसका उद्घाटन किया गया था। किंतु पार्क के किनारे थड़ी, ठेले लगा कर अतिक्रमण कर लिया गया और धीरे-धीरे पार्क का नामो निशां ही मिट गया। फिर चला एक दौर जहां पार्क के स्थान पर 40 कियोस्क (दुकान) बनाकर



बंदरबाट का खेल शुरू हो गया। जो कि जयपुर विकास प्राधिकरण के धन का दुरुपयोग ही हुआ। क्योंकि जिनको कियोस्क आवंटित किए गए थे। उन्होंने भौतिक रूप से कियोस्क संभाले ही नहीं, कभी कियोस्क (दुकानों) का उपयोग ही नहीं हुआ। अंततः सारे कियोस्क जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो गए। और इसमें लगे लोहे के गेट कबाड़ियों के हाथ लग गए। और अब यह परिसर असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। धीरे-धीरे गंदगी का साम्राज्य होता गया। इस परिसर को जन उपयोगी बनाने वहां जन सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सांगानेर के जागरूक नागरिकों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवी संगठनों द्वारा प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया तथा जनप्रतिनिधियों से कई बार आग्रह किया। लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला। वोही ढाक के तीन पात वाली कहावत सत्य होती चली गई। अब सांगानेर के विधायक एवं राज्य के मुख्यमंत्री बने भजन लाल शर्मा को भी सांस्कृतिक विकास समिति द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत कर आग्रह किया गया है कि यहां पर सुलभ शौचालय, बस स्टैंड, विश्रामगृह, जल मन्दिर (प्याऊ) तथा वर्षों से बैठ कर अपनी जीविका चलाने वाले काबिज व्यापार करने वाले आठ लोगों को कियोस्क बनाकर आवंटित कर दिए जाएं। तथा सांगानेर के इस हृदय स्थल सांगा बाबा सर्किल का सौंदर्यीकरण करते हुए इस क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराकर व्यवस्थित किया जावे। ताकि इस अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सांगानेर में आने वाले पर्यटक, व्यापारी, धार्मिक यात्री यहां से अच्छी यादें साथ लेकर जा सके।अब उम्मीद जागी है, प्रशासन भी जगा है, भजन लाल की सरकार आ गई है। शायद अब मेरे दिन फिरेंगे और लोग मुझे अविस्मरणीय स्थल के रूप में याद रख सकेंगे। मेरी इच्छा है कि शानदार म्यूजिकल फाउंडेशन चले, जर्जर कियोस्क हटें, यहां जन सुविधाएं बने, और एक हेरिटेज के रूप में मेरा विकास हो। सांगा बाबा सर्किल सांगानेर।

## व्यापार मंडल के द्वारा नीट परीक्षा में उत्तीर्ण रोहित का किया सम्मान

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत आष्टी कलां के डागरो की ढाणी के निवासी रोहित यादव पुत्र लक्ष्मण यादव का नीट 2024 में चयनित होने पर हस्तेडां के व्यापार मंडल के सदस्य गणो के द्वारा माल्यार्पण व साफ बंधाकर मोमेंटो देखकर सम्मान किया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में गोविंदगढ़ पंचायत समिति सदस्य नरेंद्र कुमार यादव ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र ऐसे ही प्रतिभाशाली युवा निकलते हैं, तो उनका सम्मान करने से हौसला बुलंद होता है। सम्मान करने से हौसला भी जाहिर होता है, क्योंकि एक समान से कई युवा वर्ग का सम्मान का हौसला बढ़ता है।

इस कार्यक्रम के अध्यक्षता हस्तेडा



व्यापार मंडल अध्यक्ष मालीराम मिश्रा द्वारा की गई। जनप्रतिनिधि के द्वारा भी माल्यार्पण कर रोहित यादव का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया । इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से ऐसे ही प्रतिभाशाली युवा निकलते हैं तो समान होना जरूरी होता है , और साथ ही कहा की रोहित ने अपने माता पिता व हस्तेड़ा ग्रामीण सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है । इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष मालीराम मिश्रा, उपाध्यक्ष रामेश्वर दयाल निठारवाल, हरी टोड़ावता, जगदीश यादव, महेन्द्र कुमावत, बंशी कामलोडिया,रिशपाल यादव , मोहन यादव , डॉक्टर लक्ष्मण कुमावत, ताराचंद भांजा, रोहित के दादाजी रामेश्वर दयाल डागर, नरेंद्र मिश्रा, विनोद कुमार खातोदिया सहित सभी व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

# पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के खिलाफ आपत्ति जनक टिप्पणी को लेकर जयपुर में प्रदर्शन

**-SDPI ने किया जयपुर मे विरोध प्रदर्शन।**

**-मठाधीश को गिरफ्तार करने की मांग की।**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थानी जयपुर में सुभाष चौक इलाके में स्थित चार दरवाजा में SDPI की और से विरोध प्रदर्शन किया गया। महाराष्ट्र के मठाधीश रामगिरी द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के खिलाफ आपत्ति जनक टिप्पणी की गई जहा कही न कही मुस्लिम समुदाय में भारी रोष व्याप्त है।




SDPI के ज़िला अध्यक्ष जफर अहमद ने बताया, पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ जो टिप्पणी की गई है उसे मुस्लिम समुदाय कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। कहा जब से देश में एनडीए की सरकार सत्ता में वापस आई है जब से अब तक साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ कर शांति और सौहार्द को खराब कर रहे है। मैं महाराष्ट्र सरकार और केंद्र सरकार से आग्रह करूंगा कि उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

# मीट मर्चेंट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

**-कार्यकारिणी में नजमुद्दीन कुरैशी को अध्यक्ष, इकबाल कुरैशी को उपाध्यक्ष, एडवोकेट उस्मान को सचिव एवं लीगल एडवाइजर और मोहम्मद शफी को कैशियर बनाया गया**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भट्टा बस्ती स्थित मीट मर्चेंट एसोसिएशन की ओर से अपनी नई कार्यकारिणी गठित की गई। कार्यकारिणी में नजमुद्दीन उर्फ मुन्ना भाई को अध्यक्ष, इकबाल कुरैशी उपाध्यक्ष व मोहम्मद शफी को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। संगठन के सचिव व लीगल एडवाइजर एडवोकेट उस्मान अहमद ने कहा कि एसोसिएशन का मकसद भट्टा बस्ती में अव्यवस्थित मीट व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार एवं नगर निगम द्वारा घोषित राजकीय अवकाश पर समस्त मीट की दुकान बंद रहेगी। यदि कोई भी दुकानदार अवकाश वाले दिन दुकान खोलता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

वही संस्था अध्यक्ष नजमुद्दीन उर्फ मुन्ना भाई ने बताया कि पिछले दिनों देखा गया कि नगर निगम व पुलिस की ओर से मीट व्यवसाय से जुड़े लोगों पर गैर संवैधानिक कार्यवाही की गई, जिसकी हम निंदा करते है। अभी क्षेत्र की सौ दुकानों को जोड़ा गया है। वही









उपाध्यक्ष इकबाल कुरैशी ने कहा कि सभी दुकानदारों के पास मीट का लाइसेंस होना अनिवार्य है। जिसने भी अभी तक लाइसेंस नहीं बनवाया है वह जल्द से जल्द लाइसेंस बनवाए। कोषाध्यक्ष मोहम्मद शफी ने कहा कि संस्था का मकसद सरकार के साथ मिलकर कार्य करना है। साफ सफाई का ध्यान रखना हमारा भी दायित्व है।



## इमाम हुसैन की याद में जुलूस के दौरान विधायक बालमुकुंद आचार्य ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर सांप्रदायिक सौहार्द के नाम से जानी पहचानी जाती है मामले को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे मौके पर, वही शिया समुदाय को समझाइश



ऐसे में हजरत इमामे हुसैन की याद में 40 वे का जुलूस शिया समुदाय की ओर से निकाला गया। इस दौरान रामगढ़ मोड़ पर हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य पहुंचे । वहीं उन्होंने जुलूस को देखकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जिससे शिया समुदाय में रोष व्याप्त हुआ। कर मामला शांत करवाया। यह पहली बार हो रहा है कि क्षेत्र के विधायक ही अपने क्षेत्र की शांति एवं भाईचारे को बिगाड़ना चाहते हैं। विधायक आचार्य को स्वयं ऐसी गतिविधियों में शामिल होना कानून संगत और न्याय संगत नहीं दिखाई देता।

# ऑटो रिक्शा पार्किंग स्टैंडों से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । जयपुर गुलाबी नगर ऑटो चालक मजदूर यूनियन ने कुछ ऑटो स्टेनडों पर थड़ी ठेला एवं डेयरी बूथ वालों ने अवैध रूप से कब्जा जमा रखा है, को हटाने की मांग की है । इस तरह के अतिक्रमण से ऑटो लगाने में भारी परेशानी होती है । इससे ट्रैफिक में भी बाधा आती है । अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए यूनियन के पदाधिकारियों ने पुलिस उपयुक्त जयपुर शहर यातायात को ज्ञापन दिया है और निवेदन किया है कि आप नगर निगम हेरिटेज एवं ग्रेटर को चिट्ठी लिखकर अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित करें



# राजस्थान भिश्ती समाज विकास समिति करेगी प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान भिश्ती समाज विकास समिति द्वारा शपथ ग्रहण व प्रतिभा सम्मान सामारोह का आयोजन 8 सितंबर 2024 को आयोजित किया जा रहा है, जिसमे वर्ष 2023-24 में सफल विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। राजस्थान भिश्ती समाज विकास समिति के अध्यक्ष कमरुद्दीन अब्बासी ने बताया कि यह एक सामाजिक कार्य है, इसका मकसद समाज के युवा पीढ़ी को शिक्षा व रोज़गार के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर भिश्ती समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी समारोह में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदर्श नगर विधायक रफीक खान, किशनपोल विधायक अमीन कागज़ी व डिप्टी मेयर असलम फ़ारूक़ी व RAKMA प्रदेश अध्यक्ष जाहिद अली, अब्बासी समाज के अखिल भारतीय अब्बासी वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी चाँद खा अब्बासी, व राष्ट्रीय सचिव हाजी सहज़ाद खा अब्बासी, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष हाजी शकील अब्बासी, जयपुर जिला अध्यक्ष मो. साबिर अब्बासी व मोहल्ला फीलखाना के सभी पटेल साहेबान उपस्थित होंगे।

## राष्ट्र स्तरीय "समर्पण समाज गौरव 2024 अवार्ड " नॉमिनेशन के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित

**-अवार्ड श्रेणियों के पोस्टर का किया विमोचन...**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा समाज व राष्ट्र हित में उत्कृष्ट काम करने वाले व्यक्तियों से "समर्पण समाज गौरव 2024 " अवार्ड हेतु राष्ट्र स्तर पर गूगल फ़ॉर्म / पोस्ट/व्यक्तिगत रूप में नामांकन प्रविष्टियाँ आमन्त्रित की गई है।

इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रपत्र भरकर संस्था कार्यालय में व्यक्तिगत / डाक से अन्तिम तिथि 15 सितम्बर तक जमा करवा सकते है ।ऑनलाइन निर्धारित गूगल फ़ॉर्म भरकर भी आवेदन कर सकते हैं ।



"समर्पण समाज गौरव 2024 " अवार्ड के तहत समाज सेवा, शिक्षा, कला, खेल, महिला सशक्तिकरण, आध्यात्म, पर्यावरण ,चिकित्सा,सामाजिक न्याय, साहित्य , शोध व आविष्कार, पत्रकारिता, बिज़नेस, योग ,दान आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को 15 श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा।देशभर से केवल 50 व्यक्तियों का चयन किया जायेगा ।

संस्था द्वारा इसके लिए भव्य अवार्ड समारोह रविवार, 10 नवम्बर 2024 को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक जयपुर में त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के " न्यू ऑडिटोरियम " में आयोजित किया जायेगा।

अवार्ड श्रेणियों की विस्तृत जानकारी के पोस्टर का विमोचन संस्था कार्यालय में संस्था पदाधिकारियों ने किया । इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या के साथ सचिव श्री कमल नयन खण्डेलवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी एल वर्मा, उपाध्यक्ष हीरालाल बैरवा , वस्त्र बैंक प्रभारी शेखर चन्देल उपस्थित रहे । उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा इससे पूर्व गत वर्षों में 422 विभूतियों को समर्पण समाज गौरव अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है ।

### कॉर्पोरेशन गठन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। अखिल राजस्थान राज्य ठेका, निविदा, प्लेसमेंट एजेंसी कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने राजस्थान लॉजिस्टिकल सर्विस डिलीवरी कॉर्पोरेशन की गठन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सरकारी विभागों में प्लेसमेंट एजेंसी, निविदा, ठेका के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों के लिए बजट सत्र 2023-24 में राजस्थान लॉजिस्टिकल सर्विस डिलीवरी कॉर्पोरेशन बनाने की घोषणा की गई थी। कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री निवास जाकर सीएम के विशेष अधिकारी मनोज कुमार शर्मा को मांगों एवं समस्याओं को लेकर 11 सूत्री ज्ञापन सौंपा।

# शारजाह से शरीर में छिपाकर लाया सोने के 3 कैप्सूल, पकड़ा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। दीपावली नजदीक आते ही तस्करी का नेटवर्क भी अलर्ट हो गया है। करीब एक साल बाद जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने एक यात्री को सोना तस्करी में गिरफ्तार किया है। आरोपी के शरीर से 867 ग्राम सोने के तीन कैप्सूल निकले। बाद में उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एयरपोर्ट के अनुसार शारजाह से एयर अरेबिया फ्लाइट से एक यात्री द्वारा सोना लाने की सूचना मिली थी। एयरपोर्ट कस्टम और सीआईएसएफ को चेकिंग के दौरान एक यात्री पर शक हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम आसिफ खान (32) बताया। जो चूरू जिले के सुजानगढ़ का रहने वाला है। उसने अपने पास सोना होने से मना कर दिया। सामान की जांच में भी कुछ नहीं मिला। इस पर अनुमति लेकर उसका एक्स-रे कराया। उसके प्राइवेट पार्ट (रैक्टम) में तीन कैप्सूल मिले। इस पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने कैप्सूल निकाले। उनका वजन 867 ग्राम है। कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।



## अब नहीं अटकेगी अदालती कार्यवाही, जारी होने लगे ई-समन व ई-वारंट

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। ई-एफआईआर के बाद अब प्रदेश में ई-समन और ई-वारंट जारी होना शुरू हो गए है। ई-समन और ई-वारंट की शुरुआत के लिए गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी। इससे अदालती कार्यवाही में तेजी आ सकेगी।

आपराधिक मामलों में पीड़ित, गवाह और अभियुक्त के ई-मेल और मोबाइल से संबंधित जानकारी थाना प्रभारी मुहैया कराएंगे। कोर्ट में सीधे पहुंचने वाले मामलों में जानकारी शिकायतकर्ता स्वयं मुहैया कराएंगे। ई-मेल बाउंस होने जैसी परिस्थिति को छोडकर अन्य सामान्य परिस्थिति में ई-मेल पहुंचने को समन या वारंट की तामील मान लिया ।

### परमिशन नहीं होने पर मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे प्रतिनिधिमंडल को चौमूं थाने के बाहर रोका

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। रतनगढ़ से जिला अस्पताल में डॉक्टरो की नियुक्ति सहित अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को जयपुर मुख्यमंत्री निवास जा रहे लोगों को पुलिस ने थाने के बाहर रोक लिया। रतनगढ़ निवासी अमरचंद माली के नेतृत्व में करीब आधा दर्जन लोग 24 अगस्त को रतनगढ़ से रवाना होकर जयपुर मुख्यमंत्री निवास पर पैदल यात्रा कर रहे थे। पुलिस ने थाने के बाहर रोक दिया गया और बिना परमिशन जयपुर कमिश्नररेट में नहीं जाने का हवाला दिया गया है । रतनगढ़ जिला अस्पताल बचाओ अभियान संयोजक अमरचंद माली ने बताया कि रतनगढ़ का उप जिला अस्पताल सबसे बड़ा अस्पताल है जहां पर डॉक्टरों की काफी कमी है। और छोटी-मोटी बीमारियों के लिए भी बीकानेर और सीकर रैफर किया जाता है और बालिका कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों में भी संकाय विषय की कमी है। जिससे छात्र-छात्राओं को भी काफी परेशानी हो रही है । इसी मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास मुख्यमंत्री से मिलने और ज्ञापन देने के लिए जा रहे हैं।

# सांगा बाबा भौम्या जी महाराज का रात्रि जागरण व मेला

**-9 सितंबर 2024 को प्रारंभ होगा**

सांगानेर/जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सांगा बाबा भौम्या जी महाराज त्रिपोलिया गेट के पास सांगानेर मन्दिर में हर साल की भांति इस साल भी सांगा बाबा भौम्या जी महाराज का वार्षिक मेला नवयुवक मंडल विकास समिति के तत्वाधान में 9, 10 सितंबर 2024 को प्रारंभ होने जा रहा है। एडवोकेट पुरुषोत्तम नागर समाज सेवी ने दी जानकारी के अनुसार 9 सितंबर प्रातः 9:15 पर कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं रात्रि 8:15 से रात्रि जागरण किया जाएगा। इसके बाद 10 सितंबर 2024 मंगलवार को सामूहिक दुग्धाभिषेक प्रातः 8:15 बजे से प्रारंभ होगा। भक्ताई 10: 15 बजे से प्रारंभ होगी एवं विशाल भजन संध्या सायं काल 6:15 से मध्यरात्रि तक चलती रहेगी।

# तहफ्फुजे मसलके आला हज़रत एक रोज़ा कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

**-सैयद मोहम्मद कादरी ने आला हजरत की शान में पढ़ें कसीदे**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सांगानेर अराकीने मदरसा गोसिया रज्जाकीया कागजी मोहल्ला सांगानेर के मिन्जानिब से तहफ्फुजे मसलके आला हज़रत एक रोज़ा कॉन्फ्रेंस का आयोजन केंद्र कागजी ग्राउंड सांगानेर में किया गया। जिसमें जयपुर के सैयद मोहम्मद कादरी साहब क़िब्ला निगरां सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर की जोरदार तकरीर से एक रोज़ा कॉन्फ्रेंस का आगाज हुआ। जिसमें कादरी साहब ने आला हजरत के दिल में बसी हुजूर की मोहब्बत का शानदार, जानदार तरीके से बयान किया। कुछ सिरफिरे लोग कहते हैं कि हजूर को गैव की जानकारी नहीं थी। जबकि हकीकत यह है कि अल्लाह ताला ने उनको यह तौफीक दी थी कि हमारे आखिरी नवी आगे पीछे की हर बात को जानते थे। इसीलिए उन्होंने कहा था कि अभी बनी इसराइल में 72 फिरके हैं। इसके बाद 73 फिरके हो जाएंगे।और हुए भी।और फिर फरमाया इनमें से 72 जहन्नुम में जाएंगे एक जन्नत में जाएगा। बहुत से लोग कहते हैं कि आला हजरत ने कितने मुसलमान बनाए, अरे उन्होंने करोड़ों लोगों को बेईमान होने से बचा लिया। इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। बरेली का नाम पूरी दुनिया में छाया हुआ है। बाहर मुल्कों के लोग बरेली को आला हजरत के नाम से जानते हैं। आला हजरत सुन्नियों के दिलों में राज करते हैं। आला हजरत ने हमारे और अपने नबी की शान में हजारों लाखों करोड़ों सलाम भेजे हैं। इस कांफ्रेंस में बड़ौदा गुजरात से तशरीफ़ लाए असलम रज़ा साहब ने भी बयान किया और आखिर में मुफ्ती गुलाम मुस्तफा साहब क़िब्ला खतीब मस्जिद कागजीयान सांगानेर ने भी अपनी बात रखी।



# जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व व थाना प्रताप नगर की बडी कार्यवाही

**- लूटी गई सोने की चैन का मात्र 24 घण्टे में किया खुलासा ।**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर शहर पूर्व में हो रही लगातार चैन स्नैचिंग। वाहन चोरी, नकबजनी एवं अन्य चोरी की बढ़ती वारदातों को मध्यनजर रखते हुऐ प्रभारी जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व लक्ष्मीनारायण पु.नि. व थानाधिकारी प्रताप नगर के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा सूचना संकलन कर प्राप्त सूचनाओं पर थाना प्रताप नगर ईलाके में दिनांक 30। 08। 24 को हुई चैन लूट के सम्बन्ध में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जिस पर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुऐ मात्र 24 घण्टें में लूटी गई चैन को बरामद करके दो आरोपी देशराज पुत्र शिवचरण जाति-मीणा उम्र 25 साल निवासी गांव पालड़ी थाना बालघाट जिला गंगापुर सिटी व मुल्जिम रवि पुत्र हरिसिंह जाति-मीणा उम्र 28 साल निवासी गांव रानोली थाना बालघाट जिला गंगापुर सिटी को बापर्दा किया गिरफ्तार। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना प्रताप नगर में प्रकरण संख्या 736/24 धारा 309 (4) 333 बी। एन। एस मे दर्ज किया गया।



घटना का विवरण- परिवादिया श्रीमती गीता देवी जोशी पत्नी देवी सहाय जोशी ने बताया कि दिनांक 30-08-24 को सुबह 8:10-8:30 के करीब में अपने घर के दरवाजे पर बैठी हुई न्यूज पेपर पढ रही थी मैंने देखा था बाहर दो लड़के खडे थे काफी समय से रैकी कर रहे थे। उन दोनो में से एक लड़का मकान की बाउंड्री कूद कर आया, मेरे धक्का दिया और मेरे गले में से पहनी हुई सोने की चेन तोड़कर भाग गया। दोनों लड़के एक साथ फाटक की तरफ भाग गए उसमें से एक ने हरे रंग की तोलिया जैसी रंग की शर्ट और नीले रंग की पेन्ट पहन रखी थी और दोनो को पहचान सकती हूं। उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुऐ वारदातो का खुलसा करने में जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व व थाना प्रताप नगर की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा घटना का मात्र 24 घण्टे में खुलासा कर दो आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया। जिनसे थाना प्रताप नगर मे लूटी गई सोने की चैन की बरामद जिनसे थाना प्रताप नगर में पुछताछ जारी है। जिनसे कही और वारदातो का खुलास हो सकता है।

### मोहम्मद अंसार ऑल इंडिया आइडल टीचर एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष नियुक्त

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। ऑल इंडिया आइडल टीचर एसोसिएशन जयपुर यूनिट की मीटिंग का आयोजन 29 अगस्त को किया गया। राजस्थान अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर एवं सभी सदस्यों की सर्व सहमति से मोहम्मद अंसार को जयपुर अध्यक्ष नियुक्त किया गया और हमीद रंगरेज को सेक्रेटरी नियुक्त किया गया।





## शबाब खान झोटवाड़ा विधानसभा अध्यक्ष बने

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। ऑल इंडिया मुस्लिम वक्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रहीस अहमद कुरैशी के अध्यक्ष राजस्थान ज़फ़र मिर्ज़ा व ज़िला अध्यक्ष जयपुर ड़ा इमरान खान की सहमति से शबाब खान वल्द नवाब दुलहा को झोटवाड़ा विधानसभा अध्यक्ष जयपुर राजस्थान पद पर नियुक्त किया गया है। उम्मीद है कि आप अपना तन मन धन और अपना वक्त लगाकर इस्लामी शरीयत व भारतीय संविधान के अनुसार ही बोर्ड के उद्देश्यों के लिए काम करते हुए बोर्ड को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाएंगे।



# ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ थाना बस्सी में कार्यवाही

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। आयुक्तालय जयपुर के निकट सुपरविजन में आयुक्तालय जयपुर की टीम के राजेष कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्व कार्यवाही करते हुये आसूचना संकलन कर सूचनाओं पर पुलिस बस्सी जयपुर (पूर्व) की टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुये अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्कर नरेन्द्र पुत्र धर्मसिंह को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 3 किलो 100 ग्राम एवं परिवहन में प्रयुक्त दुपहिया वाहन मोटर साईकिल को बरामद करने में सफलता अर्जित की गयी।

उक्त कार्यवाही के संबंध में पुलिस थाना बस्सी जयपुर (पूर्व) में प्रकरण संख्या 468/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया। उक्त कार्यवाही में सीएसटी से कानि। रविषंकर की अहम भूमिका रही।

आरोपित नरेन्द्र पुत्र धर्मसिंह से अवैध मादक पदार्थ गांजा के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो आरोपित ने बताया कि यह गांजा भरतपुर के पास कारौठ गांव के रहने वाले राजवीर के पास से 24,000/- रूपये में खरीद कर लाया हूं और जयपुर के जगतपुरा में बलराम नाम के व्यक्ति को देने जा रहा हूं।

बलराम ने मुझे स्वंय फोन कर बताया था कि जब तू जगतपुरा आ जायेगा तब मै स्वंय तेरे से उक्त गांजा ले लूंगा।

आरोपित से अवैध मादक पदार्थ गांजा की प्राप्ति स्त्रोत के सम्बन्ध में पुलिस थाना बस्सी जयपुर (पूर्व) में पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है।



रॉयल पत्रिका

संपादकीय...

## मुफ्त अनाज लेने वाले एक करोड़ परिवारों की जांच होगी

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान प्रदेश में मुफ्त अनाज लेने वाले एक करोड़ परिवारों पर जांच की तलवार लटक गई है । इस जांच में पता लगाया जाएगा कि जो परिवार मुफ्त गेहूं उठा रहे हैं वे सही पात्र हैं या नहीं । विभाग के सूत्रों का कहना है कि मुफ्त राशन पाने वाले सूची में कई ऐसे नाम भी जुड़े हुए हैं, जो अपात्र हैं । इसलिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलात विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी भास्कर ए. सावंत ने आईटी और ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट को पत्र लिखा है । इसमें इनकम टैक्स देने वालों और चार पहिया वाहन रखने वालों की लिस्ट मांगी है, क्योंकि नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट (NFSA) में यह प्रावधान है कि कोई भी आयकरदाता सरकार से खाद्य सुरक्षा की गारंटी के तहत फ्री अनाज नहीं ले सकता है । ऐसे में विभाग को राज्य के सभी करदाताओं की सूची उपलब्ध करवाई जाए । प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने यह सूची आधार नंबर के तहत मांगी है, क्योंकि सभी NFSA की सूची में चयनित परिवार के सभी सदस्यों के आधार नंबर सूची से लिंक हैं । खाद्य आपूर्ति विभाग ने ऐसा ही एक पत्र ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की अतिरिक्त मुख्य सचिव को लिखा है । इसमें प्रदेश के चार पहिया वाहन रखने वाले लोगों की आधार नंबर वाइज सूची मांगी है । राजस्थान में इस समय NFSA की सूची में 1 करोड़ 7 लाख 35652 परिवार जुड़े हैं । इन परिवारों को केंद्र और राज्य सरकार हर महीने फ्री में राशन की दुकान से गेहूं उपलब्ध करवाती है । एक परिवार के सदस्य को हर महीने 5 किलोग्राम गेहूं उपलब्ध करवाया जाता है । विधानसभा में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक राजस्थान में अभी 4 करोड़ 35 लाख प्रदेशवासी इस योजना का फायदा ले रहे हैं । केंद्र सरकार की ओर से नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट के तहत पात्र लोगों को 2021 तक 2 रुपए प्रति किलो के हिसाब से गेहूं दिया जाता था । अब इन परिवारों के लिए गेहूं फ्री है । खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़ने की शर्त यही है कि परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी वाला नहीं होना चाहिए, घर के परिवार का कोई भी सदस्य दस हज़ार रुपए महीने से ज्यादा कमाई करने वाला नहीं होना चाहिए, जिसके पास पक्का मकान और चार पहिया वाहन हो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा । माना जा रहा है कि प्रदेश में 1-2 करोड़ परिवार इस योजना के अपात्र हैं । ऐसे परिवारों के पास पक्के मकान, चार पहिया वाहन और 10000 रुपए महीने से ज्यादा इनकम है । जांच में पता लगता है कि परिवारों ने अपात्र होते हुए मुफ्त राशन लिया तो उन्हें पात्र परिवारों की सूची से हटाया जा सकता है या उनसे दिए गए अनाज की रिकवरी की जा सकती । लेकिन ऐसे अपात्र परिवारों को हटाना इतना आसान नहीं है । क्योंकि विभाग के अधिकारियों ने पैसे लेकर अवेध तरिके से योजना की पात्र सूची मे नाम जोड़े हैं।

# बुलडोज़र संस्कृति का उदय, मानवाधिकारों और क़ानून के शासन के लिए ख़तरा

“मेरी एक विकलांग बेटी है। रिश्तेदारों ने किसी भी प्रकार की मदद या शरण देने से इंकार कर दिया है, इस डर से कि कहीं इसी तरह उनके घर भी न गिरा दिये जाएं। मुझे नहीं पता कि अब कहाँ जाऊं।” ये मार्मिक शब्द उस माँ की पीड़ा को व्यक्त करते हैं, जिसे 20 अगस्त 2024 को राजस्थान के उदयपुर में अधिकारियों द्वारा उसका घर गिरा कर बेघर कर दिया गया।

उसके 15 वर्षीय बेटे, पर उसके सहपाठी की हत्या करने का आरोप लगा था और उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। यही नहीं, बिना कोई स्पष्ट कारण बताए उसके पिता, श्री सलीम शेख़ को भी हिरासत में ले लिया गया। बस्ती में 200 से अधिक घर हैं लेकिन केवल सलीम शेख़ के किराए के मकान को ही चिह्नित कर के बिना किसी उचित प्रक्रिया और ठोस क़ानूनी आधार के बुलडोज़र से गिरा दिया गया, जिससे पूरा परिवार बेघर हो गया है। यही नहीं उस मकान में रहने वाला एक अन्य किरायेदार परिवार भी इसकी ज़द में आ गया। यह घटना भारत में “बुलडोजर न्याय” या “बुलडोजर संस्कृति” के बढ़ते ख़तरे का खुला प्रमाण है, जहां अल्पसंख्यक समुदायों को चुन-चुनकर निशाना बनाया रहा है। इस प्रकार की काररवाइयाँ, जो देश के विभिन्न भागों में हो रही हैं मानवाधिकारों और लोकतंत्र के लिए बड़ा ख़तरा हैं।

**विनाश और विस्थापन का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य**

हालांकि बुलडोजर संस्कृति लोगों को नई बात लग सकती है, लेकिन इसके उदाहरण हमें इतिहास में भी मिलते हैं, 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद इसका चलन बढ़ा है। पार्टी ने अपने एजेंडे के तहत अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाते हुए शहरी विकास और अवैध निर्माण हटाने के नाम पर इसका बे-लगाम इस्तैमाल किया है और इसे अपनी विशिष्ट राष्ट्रीय पहचान के रूप में प्रस्तुत किया है।

इससे पहले की सरकार ने भी नगर सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) के विकास के नाम पर झुग्गी-झोपड़ियों को हटाने का अभियान चलाया था। 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान दिल्ली में इस प्रवृत्ति का उदाहरण देखा गया, जब बड़े पैमाने पर शहरी परियोजनाओं के लिए 100,000 से अधिक लोगों को विस्थापित कर दिया गया, और विकास के नाम पर ग़रीब एवं वंचित समूहों के अधिकारों का हनन किया गया।

उपरोक्त मिसालों ने बुलडोज़र न्याय के लिए मंच तैयार किया, अब भाजपा सरकार के तहत ‘शहरी नियोजन’, ‘सौंदर्यीकरण’ और ‘अवैध निमार्ण गिराने’ को विशेष रूप से अल्पसंख्यकों के ख़िलाफ हथियार के रूप में इस्तैमाल किया जा रहा है।



**हालिया घटनाक्रम: बढ़ती चिंताओं का संकेत**

हाल के महीनों में, ”बुलडोजर संस्कृति” में तेज़ी पकड़ आई है और देशभर में विध्वंस और जबरन बेदख़ली की घटनाएं आम होती जा रही हैं। विशेष रूप से अप्रैल 2022 में, उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने तथाकथित “अवैध” संरचनाओं, जिसमें घर और व्यवसाय दोनों शामिल थे, को ध्वस्त करने के लिए राज्यव्यापी अभियान शुरू किया, जिसमें न तो उचित प्रक्रिया अपनाई गई और न पर्याप्त चेतावनी ही दी गई। “ऑपरेशन क्लीन ड्राइव” के नाम से मशहूर इस अभियान में बुलडोजरों का व्यापक रूप से उपयोग किया गया, जिससे हज़ारों लोग बेघर हो गए और उनकी आजीविका छिन गई। इसी तरह का एक अभियान जून 2022 में भाजपा-नियंत्रित दिल्ली नगर निगम द्वारा शुरू किया गया था, जिसमें शहर की झुग्गियों कों “अवैध संरचनाओं” का नाम दे कर निशाना बनाया गया। यहां भी, बुलडोज़रों का उपयोग करके घरों और व्यवसायों को ध्वस्त किया गया, अक्सर प्रभावित लोग बुनियादी आवश्यकताओं जैसे भोजन, पानी, और आश्रय तक से वंचित हो गए।

**राजनीतिक मंसूबे और बुलडोजर की राजनीति**

भारत में बुलडोजर संस्कृति का उदय केवल शहरी नियोजन या कानून एवं व्यवस्था की स्थापना तक सीमित नहीं है; यह सत्तारूढ़ पार्टी के व्यापक राजनीतिक एजेंडे से गहराई से जुड़ा हुआ है। सतही तौर पर, इन कार्रवाइयों को शहरों को “साफ” करने और नए इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए जगह बनाने के आवश्यक उपायों के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। हालांकि, इसका उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों, विशेष रूप से मुसलमानों और दलितों को हाशिए पर डालना और मुख्य धारा से बाहर करना है। इन दिनों चुनिन्दा ढंग से इन्ही समूहों को बुलडोज़र का शिकार बनाया जाना इस एजेंडे का एक स्पष्ट प्रमाण है। आधुनिक भारतीय राजनीति में बुलडोज़र एक शक्तिशाली राजनीतिक प्रतीक के रूप में उभरा है, विशेष रूप से भाजपा-शासित राज्यों में, जो राज्य की प्राधिकृति और सत्तारूढ़ पार्टी की शक्ति को स्थापित करने के लिए कानूनी मानदंडों को दरकिनार करने में भी हिचकिचाता नहीं है। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश में, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ - जिन्हें आजकल “बुलडोजर बाबा“ के नाम से जाना जाने लगा है - ने बुलडोज़र का उपयोग अपनी मज़बूत छवि के प्रतीक के रूप में किया है, यही नहीं इसे चुनावी रैलियों में भी प्रदर्शित किया गया। उन्होंने बुलडोज़र के माध्यम से उनकी सत्ता के विरोधियों को स्पष्ट संदेश दे दिया है। बुलडोज़र का यह प्रतीकात्मक उपयोग केवल क़ानून एवं व्यवस्था की बहाली के लिये नहीं है बल्कि यह असहमति रखने वालों और अल्पसंख्यक समुदायों को डराने के लिए एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है, कि “सरकार को चुनौती दी तो कुचल दिये जाओगे।“ यह दृष्टिकोण, जो कुछ मतदाता वर्गों के लिए शासन की ओर से एक निर्णायक संदेश भी है लोकतांत्रिक मानदंडों और क़ानून के शासन का घोर उल्लंघन है। इस प्रकार, बुलडोज़र संस्कृति सत्तारूढ़ पार्टी के साथ असहमति के स्वरों को दबाने और विपक्ष को कुचलने का कुत्सित प्रयास है, जिससे डर और दमन का एक माहौल बनता है और लोकतंत्र की नींव कमज़ोर होती है।

**अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार क़ानून और बुलडोज़र संस्कृति**

बुलडोज़र संस्कृति अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार क़ानून का खुला उल्लंघन है। यह क़ानून किन्ही समूहों को दंडित और भयभीत करने के लिए मनमाने और भेदभावपूर्ण ढंग से राज्य शक्ति के उपयोग पर रोक लगाता है। अंतर्राष्ट्रीय नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर संधि और आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय संधि दोनों जीवन, स्वतंत्रता और व्यक्ति की सुरक्षा के अधिकार के साथ-साथ मनमानी पाबंदियों और जबरन निष्कासन से मुक्ति के अधिकार की गारंटी देते हैं।

इन अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद, देश में इन दिनों बुलडोज़रों का उपयोग, सत्ता विरोधियों और वंचित समूहों, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय को लक्षित करते हुए दंड के एक उपकरण के रूप में किया जा रहा है। ये कार्रवाइयाँ न केवल मानवाधिकार संगठनों की आलोचना का कारण बन रही हैं, बल्कि क़ानून के शासन के प्रति प्रतिबद्ध एक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में भारत की वैश्विक छवि को भी धूमिल कर रही हैं।

**अकबर नगर का मामला**

लखनऊ के अकबर नगर, जहाँ मुख्य रूप से मुसलमान और दलित निवास करते हैं, की दुर्दशा “बुलडोजर न्याय” का एक ज्वलंत उदाहरण है। क्षेत्र को ‘स्मार्ट सिटी’ में बदलने के नाम पर, अधिकारियों ने घरों को ख़ाली कराने और गिराने का अभियान चलाया जिससे कई परिवार बेघर हो गए हैं। इन हाशिए पर पड़े समुदायों के आवास और भूमि जैसे अधिकारों को बुलडोज़र तले कुचल दिया गया है। स्वाभाविक रूप से लोगों में व्यापक आक्रोश है, जिसका सरकार पर कितना असर होगा, यह स्पष्ट है।

ये अभियान जो शहरी विकास और सौंदर्यीकरण के नाम पर चलाए जा रहे हैं, समाज के सबसे कमज़ोर वर्गों को प्रभावित कर रहे हैं। इन कार्रवाइयों के पीछे की वास्तविक मंशा पर सवाल उठ रहे हैं जो उचित भी हैं।

आलोचकों का कहना है कि ये अभियान वास्तव में अल्पसंख्यक समुदायों को हाशिए पर डालने और विस्थापित करने की एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा हैं ।

**मानवाधिकारों पर मंडराता खतरा: न्यायिक दृष्टिकोण**

भारत में बुलडोजर संस्कृति का उदय मानवाधिकारों और कानून के शासन के लिए गंभीर खतरा है। इस प्रकार की किसी भी कार्रवाई में प्रशासन की ओर से उचित प्रक्रिया, प्राकृतिक न्याय और निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार की पालना नहीं की गई है। बिना उचित नोटिस या सुनवाई के इन कार्रवाइयों को अंजाम देकर, राज्य भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है, जो शक्ति के मनमाने उपयोग के लिए एक ख़तरनाक मिसाल है। जहाँ इन कार्रवाइयों के फलस्वरूप वंचित वर्ग के लोग बुरी तरह प्रभावित होते हैं वहीं इनसे विभिन्न समुदायों के बीच तनाव पैदा होता है और परिणामस्वरूप सामाजिक एकता का ताना-बाना कमज़ोर होता है। भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने इन कार्रवाइयों की व्यापक रूप से निंदा की है, और इन्हें मौलिक मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन माना है। इन संगठनों ने भारत सरकार से सभी नागरिकों के अधिकारों और गरिमा की रक्षा के लिए तत्काल क़दम उठाने की मांग की है।

**जवाबदेही की जरूरत और न्याय की मांग**

बुलडोज़र संस्कृति का उदय भारत में राज्य शक्ति के प्रयोग का एक चिंताजनक प्रदर्शन है, जिसे सत्तारूढ़ पार्टी ने निहित स्वार्थ सिद्ध का साधन बनाया है, इससे उन्हें अपनी विचारधारा को लागू करने और कमज़ोर समुदायों को हाशिए पर रखने में मदद मिलती है। यह प्रवृत्ति भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद को कमज़ोर कर रही है और मानवाधिकारों और क़ानून के शासन के लिए एक गंभीर चुनौती है।

भारतीय नागरिक एक ऐसी सरकार के हक़दार हैं, जो सभी नागरिकों के लिए निष्पक्षता, समानता और व्यक्तिगत गरिमा की सुरक्षा को प्राथमिकता दे। बुलडोज़र से केवल भौतिक संरचनाएं नहीं गिराई जातीं, बल्कि नागरिकों के मन और मस्तिष्क को गहरे और स्थायी मानसिक आघात पहुँचते हैं, समाज में दूरियाँ पैदा होती हैं, आपसी सद्भाव छिन्न-भिन्न होता है, संविधान का अपमान होता है और फलस्वरूप लोकतंत्र की नींव कमज़ोर होती है। सरकार को इस प्रथा पर तुरंत रोक लगाना चाहिए, सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए और इन अन्यायपूर्ण कार्रवाइयों के लिए ज़िम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराकर क़ानून का शासन बहाल करना चाहिए।

बुलडोज़र संस्कृति से उत्पन्न ख़तरों को समय रहते पहचानना और उन्हें रोकना हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और न्याय के मूल्यों की रक्षा के लिए हमें जागरूक होना होगा। मानवाधिकारों के प्रति सम्मान, सजगता, एकजुटता, और मिल-जुल कर अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठा कर ही हम “बुलडोज़र संस्कृति” को रोक सकते हैं और उन लोगों के लिए न्याय और गरिमा को पुनः स्थापित कर सकते हैं जिनके साथ अन्याय हुआ है।

**-डॉ.एम. इकबाल सिद्दीकी**

## माल व दौलत कहां खर्च की जाए और कितनी खर्च की जाए, इस बारे में क्या हुक्म है?

माल इसलिए होता है कि इस्तेमाल में आए। दौलत जमा करना ज़िन्दगी का मकसद नहीं होना चाहिए। इस्लाम लोगों को दौलत जायज़ तरीके से खर्च करने की शिक्षा देता है और कहता है कि माल खर्च करने में यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि हम कंगाल हो जाएंगे। माल अल्लाह का ही दिया हुआ है और अल्लाह की अता का सिलसिला कभी खत्म नहीं होता। हम अगर उदारता से काम लेंगे तो अल्लाह अपनी रहमत से हमें और भी देगा।

हजरत अबू हुरैरा (रजि.) से रिवायत है कि नबी (सल्ल.) ने फरमाया कि अल्लाह फरमाता है कि तुम खर्च करो, मैं तुम पर खर्च करूंगा। हजऱत अबू हुरैरा (रजि.) से ही एक दूसरी रिवायत यह है कि नबी (सल्ल.) ने फऱमाया सबसे बेहतर सदका वह है कि देने वाले की मालदारी भी बनी रहे। ऊपर का हाथ नीचे के हाथ से बेहतर है और शुरुआत अपने घर वालों से करो।

इस हदीस में भी नेक और जायज कामों में माल खर्च की फज़ीलत बताई गई है। अगर किसी आदमी को अल्लाह ने इसका मौका दिया है कि वह लोगों पर खर्च कर सकें तो यह उसके लिए आदर और सम्मान की बात है। इसमें इसका ध्यान रखना चाहिए कि खर्च की शुरुआत उन लोगों से करनी चाहिए, जिसके लिए वह जिम्मेदार है ऐसा न हो कि आम लोगों पर तो अपना माल खर्च करे, लेकिन अपने घर वालों को अनदेखा कर दे। घर वालों का अधिकार हर हाल में सबसे पहला है।

हजरत अबू हुरैरा (रजि.) से रिवायत है कि नबी (सल्ल.) ने फऱमाया बेवाओं और मिस्कीनों के लिए मेहनत-मजदूरी करने वाला अल्लाह की राह में जिहाद करने वाले या रात में इबादत करने और दिन में रोजा रखने वाले की तरह है। गरीबों और मोहताजों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना समाज का दायित्व है। मोहताजों और जरूरतमंदों की जरूरत पूरी करने के लिए अगर कोई कोशिश करता है और उसके लिए मेहनत करता है तो इस्लाम की नजऱ में यह भी अल्लाह की राह में जिहाद करने, रोजे रखने और तहज्जुद अदा करने जैसा है। इसे किसी नेकी से कम नहीं समझना चाहिए।

हजरत अब्दुल्लाह बिन अम्र से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल (सल्ल.) ने फऱमाया कि लालच और कंजूसी से बचो। तुमसे पहले के लोग इस लालच और कंजूसी के कारण बर्बाद हुए। लालच ने उन्हें कंजूसी का रास्ता अपनाने को मजबूर किया। कंजूसी के कारण उन्होंने रिश्ते-नाते तोड़ लिए। इसने उन्हें फिस्क व फुजूर पर उभारा और फिस्क व फुजूर में पड़ गए।

लालच और स्वार्थ में पडक़र आदमी कभी भी उन दायित्वों को पूरा नहीं कर सकता, जो उस पर डाली गई हैं। इस्लाम के बताए हुए रास्ते पर चलना केवल तभी संभव है जब आदमी उदार हो और किसी भी कुर्बानी के लिए तैयार हो। अगर आदमी संकीर्ण मानसिकता वाला और कंजूस हो जाए तो उससे किसी भलाई की उम्मीद नहीं की जा सकती। वह नातेदारों के अधिकारों से बेपरवाह हो जाता है उसे केवल इसकी चिंता रहती है कि अपनी दौलत में कैसे वृद्धि हो।

इसके लिए वह न तो इस्लाम द्वारा निर्धारित सीमाओं का पालन करता है और न ही नैतिक मूल्यों की परवाह करता है। यानी इस्लाम की तालीम यह है कि अपनी और अपने बीवी-बच्चों व माता-पिता की जायज़ जरूरतों को पूरा करने के बाद अपने रिश्तेदारों की ओर ध्यान दिया जाए और जहां तक हो सके उनके काम आया जाए।

इसके अलावा समाज के गरीबों, अनाथों और विधवाओं का भी अधिकार है, जिसे पूरा करना जरूरी है। इस्लाम यह भी शिक्षा देता है कि अल्लाह ने अगर दौलत दी है तो उसे खर्च किया जाना चाहिए, कंजूसी करके जमा किए रखना अच्छा नहीं है। हां खर्च करते समय जायज़ और नाजायज़ ख़र्चों का ध्यान रखना ज़रूरी है।

**-मौलाना मुहम्मद फारूक खां**

## शहीद हाफ़िज़ मोहम्मद ज़ामिन, 1857 की क्रांति के गुमनाम नायक




हाफिज़ मोहम्मद ज़ामिन 1857 के विद्रोह में शहीद होने वालों में से एक हैं। उनका जन्म 1809 ई. में मुज़फ्फरनगर में हुआ था।

उन्होंने इस्लामिक रीति रिवाज़ो से शिक्षा हासिल कर कुरान के हाफिज़ बन गये। उस ज़माने में लोगों को रूहानियत, इल्मे तसव्वुफ का शौक होने की वजह से आपने “ मियां जी नूर मोहम्मद झाझनवी “ से बेअत स्वीकार कर ली।

दौर था 1857 का, जब धीरे धीरे फिरंगियों के खिलाफ अलग अलग क्षेत्रों और रियासतों में बगावत की चिंगारियां सुलग रही थी, इसी दरमियान थाना भवन के स्थानीय निवासियों द्वारा हाजी इमदाद उल्ला मुहाजिर मक्की को अपना नेता घोषित कर दिया जाता है।

मौलाना रशीद अहमद गगोंही, मौलाना कासिम नानौतवी, हाफिज़ मोहम्मद ज़ामिन समेत थाना भवन और शामली की जनता ने हाजी इमदाद उल्ला के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ शामली में बिगुल बजा डाला।

शामली तहसील में ब्रिटिश हुकूमत का खज़ाना और यहीं तोपखाना, अस्लहा मौजूद था। 14 सितंबर 1857 का दिन था -- क्रान्तिकारी समूह द्वारा तहसील पर धावा बोल कर, उसे तहस नहस कर डाला और अंग्रेज़ फौज की ईंट से ईंट बजा डाली।

अंग्रेज़ फौज और विद्रोहियों में कई घंटों तक सख्त लड़ाई हुई और इसी दौरान गोलीबारी में हाफिज़ मोहम्मद ज़ामिन के पेट में गोली लग जाती हैं और वे लहुलुहान होकर देश के लिए शहीद हो जातें हैं।

सलाम इन वीर सपूतों को जिन्होंने देश के खातिर अपने प्राणों का बलिदान देकर हमें स्वतंत्रत भारत में स्वतंत्र सांस लेने का सौभाग्य दिया ।

## शहीद चौधरी ज़बरदस्त खां (स्वतंत्रता सेनानी -1857, हापुड़)

चौधरी ज़बरदस्त खां और चौधरी उल्फत खां 1857 के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक है, जिन्होंने हापुड़ से क्रांति का मोर्चा संभाला था।

10 मई 1857 को मेरठ से अंग्रेजों के खिलाफ प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल बजा था। देश के वीर सपूतों ने अंग्रेजों को छक्के छुड़ा दिए थे। चर्बी लगे कारतूसों को आधार बनाकर विद्रोह की आग सुलगाने में मेरठ छावनी के 85 सैनिकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। ये सभी क्रांतिकारी सैनिक मेरठ कमिश्नरी के निवासी थे। इनमें एक वीर सैनिक हापुड़ के मोहल्ला भंडा पट्टी निवासी चौधरी ज़बरदस्त खां थे। अंग्रेजों के विरूद्ध क्रांति में शामिल होने के कारण चौधरी ज़बरदस्त खाँ को 14 सितंबर 1857 को उनके समर्थकों के साथ मृत्युदण्ड (फांसी) पर लटका दिया गया। लेकिन उनकी शहादत को हापुड़ के निवासी आज भी याद करते हैं।

हापुड़ में 1857 में शहीद होने वाले क्रांतिकारियों की याद में 1975 से प्रतिवर्ष शहीद मेले का आयोजन किया जाता है। जो 10 मई से शुरू होकर एक माह तक चलता है। सम्पूर्ण देश में 1857 से सम्बद्ध इस प्रकार के मेले का आयोजन कहीं नही किया जाता।




**सूचना**

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

मुस्लिम रिश्ते

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -

मोबाइल: 9772552446, 9799559096

Sunni Muslim Girl 32/5.3"/B.Tech in Electronics & Communications/Working in Semi Govt. Deptt./Deeni Taleem yafta/Homely girl. Father retd. from Indian Railway. Well educated and reputed family of Jaipur. Need religious, well educated and settled boy from well reputed family. Contact: 9828453954

• सुन्नी मुस्लिम युवक 45/5.7"/ पोस्ट ग्रेजुएट/होम गार्ड में कार्यरत तलाकशुदा जयपुर निवासी हेतु दीनदार, पढ़ी-लिखी, घर के काम में दक्ष युवती चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य। संपर्क करें 8306725799

• Beautiful Muslim Sunni Pathan (Yusufzai) girls 22/5.3"/Convent Educated & currently pursuing B.H.M.S./ & other 20/5.5"/Convent Educated & currently pursuing B.A. in Phycology & English Lit./Father retired from Pvt. Company and at present doing E-Mitra work. Both girls are Hijabi, 5 times Namazi, fully religious homely girls from well educated and reputed Shahjahanpur (U. P.) based family currently living in Ajmer. Needs suitable, well educated and settled boys from Muslim Sayed/Pathan caste families.
Contact:
Mobile- 98287 34281

• खूबसूरत अंसारी लड़कियां 32/5.4"/B.Tech; इंजीनियर/ ट्रांसफार्मर कंपनी में सीनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत व 29/5.6"/M. Com; MBA/ जयपुर सेज में सीनियर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत । दोनों दीनी तालीम याफ्ता, जयपुर की पढ़ी-लिखी रेप्यूटेड फैमिली हेतु पढ़े-लिखे, बिजनेसमेन/सरकारी ऑफिसर अच्छी रेप्यूटेड फैमिली के लड़के चाहिए। संपर्क: 9828048966/ 9166117743

• Beautiful Muslim girl 32/5.5"/MJMC/PGDCA/ presently working as a Bank Officer/Father retired Govt. Officer, reputed family of Sawai Madhopur. Needs religious well settled, Govt Officer/ Businessman from reputed family. Early Marriage. Interested please Contact: Mobile-8302114075/8209325917

• 47/6.1"/सिविल इंजीनियर/ तलाकशुदा/ वार्षिक आय 3.5 लाख/ मुस्लिम पठान, जयपुर निवासी आदमी के लिए दीनदार, घरेलू, पढ़ी-लिखी जीवन साथी चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य । संपर्क:
मोबाइल- 8209336198

28/5.8"/बीएससी; बी. टेक/व्यवसाय टीचिंग/टोंक निवासी प्रतिष्ठित फैमिली के मुस्लिम युवक हेतु सुंदर, पढ़ी-लिखी, दीनदार, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की चाहिए।

संपर्क: मोबाइल- 8769654230

.जयपुर निवासी 25 वर्षीय/बी.ए./ तलाकशुदा (3 वर्ष की बच्ची है)/ दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की हेतु दीनदार, नमाज़ी, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन राजस्थानी लड़का चाहिए। इच्छुक सम्पर्क करें- मोबाइल: 98294 43086/97725 52446.

•जयपुर निवासी 25/5'.4"/ M.Sc. B.ed/ पठान लड़की/ गवर्नमेंट में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हेतु पढ़े-लिखे गवर्मेंट ऑफिसर/नौकरीपेशा/बिजनेस मैन लड़का जो शेख/सैयद/पठान खानदान से ताल्लुक रखता हो । संपर्क करें - मोबाइल नंबर: 7223023871

•हनफी अंसारी सुन्नी मुस्लिम डॉक्टर 28/5.5"/BHMS/खुद की क्लिनिक/जयपुर निवासी हेतु ग्रेजुएट, दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष लड़की चाहिए। सम्पर्क: 7976464322/9772552446

.35/5.2"/B.Sc./Fair colour/ Deeni Taleem yafta Divorced Sunni Muslim girl from educated, reputed family of Jaipur. Presently doing tution job at home. Need educated, settled religious groom. Early Marriage. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9352666093/9772552446

.Sunni Muslim girl 37/5.6"/M.A; MBA/Divorced (No issue)/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious suitable man from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9314720003/9772552446

• Beautiful Pathan girl 34/M.Tech (Computer Science), Sr. Database Administrator and Software Developer, Finance Department of Secretariat Government of Rajasthan (Pvt basis). Father retired Govt. Officer, well educated and reputed family of Tonk. Needs well educated, settled and religious boy from Jaipur based family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

• Hanafi Sunni Muslim beautiful girl 25/5.5". Education Qualification: Masters in Litrature and PG Diploma in Digital Marketing. Father Govt officer. Well educated and reputed family of Bhilwara. Need well educated, religious, settled boy from reputed family. Contact Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

. 23/5.4"/एम. कॉम; आई टी आई (ड्रेस मेकिंग) व RSCIT कोर्स, दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत जयपुर निवासी अंसारी लड़की। वालिद कॉन्ट्रेक्टर- फेब्रिकेशन वर्क हेतु दीनी, पढ़ा- लिखा खूबसूरत नौकरीपेशा/बिजनेसमैन अच्छे परिवार का लड़का। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल नं. 9772552446/9799559096

• Sunni Muslim girl 32/5.8"/M.A; LLB, Perusing LLM/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious boy from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim girl 31/B. Tech/ Beautiful, Deeni Taleem Yafta. Father retired Govt. Officer. Needs well educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

खूबसूरत अंसारी लड़की 27/5.5"/ पोस्ट ग्रेजुएट/तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, सरकारी जॉब की तैयारी, पढ़ी-लिखी जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य पढ़े-लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल: 9887910863/9772552446

• Sunni Ansari Muslim Jaipur based divorced girl 37/M.A; B.ed/Deeni Taleem Yafta. Need suitable educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446 /9799559096

• Sunni Muslim boy 30/5.10"/80 kg. weight/ Master in Criminology with Gold Medal/own business. Father retired as Dean from Veterinary College. Home town in Tonk, living in Palanpur, Gujarat, well educated, reputed and well settled small family. Need suitable homely, religious, educated girl from reputed family. Preference to Tonk based girl. Contact: Mobile : 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim boy 28/5.8" M.Com and B.PEd degree English medium. At present Tennis Coach in Pvt School, Father businessman, well settled and educated family. Needs Jaipur based homely religious girl . Contact: Mobile : 8107860666

• Udaipur based Syed/Siddiqui girl 28/5.4"/ B.Tech (Electronics & Communication Engineering) Convent educated, working in Bank as Manager (Central Govt. job transferrable all over India), Annual package 8.00 lakh. Father Addl. Director in Govt. Deptt. and Mother Govt. Teacher (Taken VRS). Well reputed and educated family. Needs suitable religious Muslim boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446, 9799559096.

• जयपुर निवासी सुन्नी सैयद मुस्लिम लड़की 27/5.2" एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस), दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत, घरेलू कार्य में दक्ष, वालिद एडवोकेट- नोटरी पब्लिक, प्रतिष्ठित पढ़ी लिखी, स्माल फैमिली हेतु पढ़े लिखे नौकरीपेशा/बिजनिसमैन सुयोग्य युवक चाहिए। जयपुर निवासी को प्राथमिकता। इच्छुक संपर्क करें : 9772552446, 9799559096

• सुन्नी मुस्लिम नसीराबाद निवासी फेयर व सुंदर लड़का 28/5'11"/बी ए ; होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा, स्वयं की ट्रांसपोर्ट कंपनी आय 2/2.5 लाख प्रति माह । फादर बिजनेसमैन, मदर का स्वयं का लेडीज गारमेंट्स, किड्स क्लोथ्स शोरूम हेतु सुंदर, सुशील पढ़ी लिखी लड़की चाहिए। संपर्क- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• 28/5'5" B.A, B.ed. divorced, no issue. Father Retd. Sr. Dy. DEO, Mother Retd. Librarian. Jaipur based educated Syed Sunni Muslim family. Needs educated, well settled boy. Contact : Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Syed girl 22/5'3" B. A. And Deeni Taleem Yafta sister (married). Contact: Royal Patrika office. Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Ajmer based Sunni Muslim Pathan boy 31/5.9"/B. Sc; Bio Tech & Hotel Management Diploma/63 kg. weight/Own Business. Needs suitable religious, homely, educated girl from reputed family. Preference to Pathan, Sheikh & Syed caste. Contact: Royal Patrika Office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• 29/5.3 " पोस्ट ग्रेजुएट व 26/5.3" ग्रेजुएट दीनी तालीम आफता व नमाजी रेप्यूटेड फैमिली जयपुर निवासी, दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम (सैयद ) युवकों के लिए खूबसूरत दीनी तालीम के साथ-साथ ग्रेजुएट व घर के काम मे दक्ष लड़कियां | बायोडाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय,जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• खूबसूरत अंसारी लड़की 33/5'/ एम ए/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, जयपुर निवासी हेतु सुयोग्य पढ़े लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9887910863/9772552446

# रोज सिर्फ 20 मिनट टहलने से कम होता तनाव : एंग्जाइटी, शुगर, बीपी, कोलेस्ट्रॉल का रिस्क भी होता है कम



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों का हर वक्त चिंता से घिरे रहना सामान्य बात हो गई है। छोटी-छोटी बातों को लेकर, कोई काम बिगड़ने पर या भविष्य को लेकर लोगों के मन में चिंता बनी रहती है।

थोड़ी चिंता होना सामान्य बात है। लेकिन जब यही चिंता गंभीर होने लगती है, तब इसे गंभीरता से लेना और उसे कम करना जरूरी हो जाता है।

ज्यादा चिंता करने वाले लोगों को कई समस्याएं हो सकती हैं, जैसे ब्लड प्रेशर बढ़ना, तनाव या एंग्जाइटी होना, घबराहट होना वगैरह।

ऐसे में साइंस का मानना है कि कुछ देर टहलने से चिंता और तनाव को कम किया जा सकता है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की वर्ष 2023 की एक स्टडी के मुताबिक रोज सिर्फ 20 मिनट वॉक करने से भी स्ट्रेस और एंग्जाइटी में 14% तक की कमी आ सकती है।

कई अन्य शोधों से भी पता चलता है कि पैदल चलना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। अगर हम इसे अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या में शामिल कर लें तो इससे कई बीमारियों की संभावना भी कम हो सकती है।

अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के मुताबिक, वॉक करना एक तरह का 'मूड बूस्टर' है। शारीरिक गतिविधि दिमाग में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करती है इससे हमारा मूड अच्छा होता है।

पैदल चलना ब्लड फ्लो और ऑक्सीजन बढ़ाता है, जिससे एंडोर्फिन और सेरोटोनिन जैसे 'हैप्पी हार्मोन' रिलीज होते हैं। खासकर अगर आप तेज गति से चल रहे हों। साथ ही यह स्ट्रेस लेवल को भी कम करता है।

तो आज हम बात करेंगे पैदल चलने की और उससे जुड़े फायदों की। कैसे रोज सिर्फ 20-30 मिनट वॉक करने से आप अपने मन की चिंता और तनाव को दूर कर सकते हैं।

**पैदल चलना मेंटल हेल्थ के लिए 'रामबाण'**

हम सभी को यह तो पता है कि पैदल चलने से वजन कम करने में मदद मिलती है। साथ ही, पैदल चलना सिर्फ शारीरिक ही नहीं, मानसिक लाभ भी देता है। वॉक करने से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि नियमित पैदल चलना चिंता और तनाव के इलाज में 'एंटी डिप्रेसेंट' जितना ही प्रभावी है।

फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. बी कुमार बताते हैं कि जो लोग एक्टिव रहते हैं, रोजाना वॉक करते हैं, एक्सरसाइज करते हैं, उनमें अन्य लोगों की तुलना में चिंता और अवसाद की दर कम होती है। सुबह और शाम वॉक करने के लिए सबसे अच्छा समय है। इस वक्त आप नेचर को करीब से देखते हैं, ताजा हवा और शांत वातावरण को महसूस करते हैं। इससे हमारे मन की चिंता कम हो सकती है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि 20-30 मिनट पैदल चलना शरीर में एनर्जी लेवल को बढ़ाता है। जो लोग शहरों के शोर-प्रदूषण से दूर गांव या हरी-भरी जगह पर रह रहे हैं, उनके लिए तो प्रकृति के करीब रहना अमृत समान है। लेकिन जो लोग शहरों में रह रहे हैं और हरे-भरे स्थानों तक उनकी पहुंच नहीं है, उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं। 'साइंस डायरेक्ट' में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक एनर्जी बढ़ाने के लिए और मूड अच्छा करने के लिए सीढ़ियां उतरना-चढ़ना भी काफी फायदेमंद है। यहां तक कि ये कैफीन के मुकाबले ज्यादा असरदार माना गया है।

**रोज 30 मिनट पैदल चलें**

फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. बी. कुमार कहते हैं कि बेहतर स्वास्थ्य लाभ पाने के लिए, सप्ताह में कम-से-कम 5 दिन 30 मिनट या जितना संभव हो सके, उतनी वॉक शुरू करें। ऐसा करने से आप खुद अपने शरीर में बदलाव देख पाएंगे। यदि आप किसी बीमारी से पीड़ित हैं तो पैदल चलने या कोई भी नया व्यायाम शुरू करने से पहले अपने चिकित्सक से परामर्श जरूर लें।

यदि एक बार में 30 मिनट तक चलना कठिन हो तो प्रतिदिन तीन बार 10-10 मिनट की वॉक कर सकते हैं और धीरे-धीरे इसका वक्त बढ़ा सकते हैं।

जामा नेटवर्क में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, जो लोग हर सप्ताह ढाई घंटे वॉक करते हैं, उनमें उन लोगों की तुलना में तनाव का खतरा 25% कम होता है, जो कोई भी शारीरिक गतिविधि नहीं करते हैं।

# खोटे सिक्के की बदौलत ईमान की दौलत मिलना

एक शख्स ने एक कपड़ा खरीदा और कपड़ा खरीदकर चला गया, दुकान पर भतीजा बैठा हुआ था, चचा आए तो पूछा कोई खरीदार आया था? भतीजे ने कहा एक मुसाफिर आया था, वो फलां कपड़ा खरीदकर ले गया, चचा ने कहा बेटा तुमने ज्यादा पैसे ले लिए नफा कम लेना चाहिए था, भतीजे ने कहा कि हमने उससे कहा था कि नफा ज्यादा है मगर उसने कहा कि हमारे शहर में यह कपड़ा इससे ज्यादा महंगा मिलता है, यह तो बहुत सस्ता है, चचा ने कहा पैसे वापस कर दो, चुनाचे खुद पैसे लेकर निकले, मुसाफिर खाने में उस मुसाफिर को तलाश किया, मालूम हुआ कि वो आदमी यहां से जा चुका है, पता लगाया कि किस तरफ गया, बताने बोलने बताया कि इस जानिब उसका रुख था, बस तेज सवारी ली और वहां तक गए, पूछा फलां साहब कौन है। जिन्होंने यह कपड़ा खरीदा था? उस शख्स ने कहा मैंने खरीदा था, कहा साहब आपने ज्यादा नफा दे दिया है, यह पैसे वापस ले लो, उसने फिर वो ही बात कही कि हमारे शहर में इससे भी ज्यादा महंगा मिलता है। इसलिए जान बूझकर इतना महंगा यह कपड़ा खरीदा यह कहने के बाद उस शख्स ने खुद कहा कि जनाब! क्या आप पैसा लेकर आए हैं, उस ताजिर ने कहा कि हां रुपए साथ लेकर आया हूँ , यह सुनकर वो नौजवान कहता है कि हमने आपको खोटा सिक्का दिया था, लेकिन अब आपके इन अ$खलाक और ईमानदारी पर हम ईमान $कबूल करते हैं। आप खरा सिक्का ले जाइए और अपना इस्लाम, सिखाइएं, हमको कलमा पढ़ा दीजिए, हम इस्लाम में दाखिल होते हैं, आप लोग कितने अच्छे हैं, दोस्तों आज की दुनिया में ऐसे मुसलमान की तलाश है। अल्लाह तआला हम सबको अपने हम वतनों के साथ अच्छे अखलाक से पेश आने और उनका दिल जीतने की तोफीक अता फरमाए। आमीन (हवाला आज मुसलमान की तलाश है सफा-23)

**-हबीबुल्लाह एडवोकेट**

# बिखरते पड़ोसी देशों के बीच इकलौते खड़े रह गए हैं हम

आज जब भारत अपने चारों ओर देखता होगा तो अपने आपको इस समूचे क्षेत्र में स्थिरता और आर्थिक विकास का इकलौता द्वीप पाता होगा। हमारे पड़ोस में हुए घटनाक्रमों ने क्षेत्रीय नीति में बड़ा शून्य उत्पन्न कर दिया है।

अगर बांग्लादेश के परिप्रेक्ष्य में बात करें तो आप निश्चिंत हो सकते हैं कि नई दिल्ली इस समूचे घटनाक्रम से हैरान थी और उसने इस नतीजे की कतई उम्मीद नहीं की थी।

किसी को दूर-दूर तक भनक नहीं थी कि शेख हसीना को अपना राजपाट छोड़कर भागना पड़ेगा। यह इतना अप्रत्याशित था कि भारत ने हसीना की सरकार गिरने के काफी समय बाद तक कोई बयान जारी नहीं किया। हसीना के नई दिल्ली पहुंचने के एक दिन बाद लोकसभा में बोलते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत ने उन्हें संयम बरतने की सलाह दी थी और आग्रह किया था कि बातचीत के जरिए स्थिति को शांत किया जाए, लेकिन प्रदर्शनकारियों के ढाका में एकत्र होने के बाद हसीना ने भारत आने की अनुमति मांगी।

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को बधाई संदेश भी भेजा और उनसे हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

शेख हसीना 2009 में महिलाओं और युवाओं के उत्साही समर्थन के साथ सत्ता में आई थीं। लेकिन अपनी राजनीतिक पूंजी को बर्बाद करने में उन्हें 15 साल लगे। उनके नेतृत्व में बांग्लादेश ने 11 साल तक वास्तविक प्रति व्यक्ति आय में 5% से अधिक की आर्थिक वृद्धि की थी। बांग्लादेश चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक बन गया था।

लेकिन अब लग रहा है कि इसका एक बड़ा हिस्सा जॉबलेस-ग्रोथ का था। 2022 के आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश के 15 से 24 वर्ष के 30 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। आर्थिक विकास पर सरकार के फोकस से सामाजिक विकास हुआ था, लेकिन इसके साथ ही देश में लोकतांत्रिक स्वतंत्रता भी धीरे-धीरे कम होती चली गई। जनवरी 2024 के चुनाव सबसे ज्यादा विवादास्पद थे और विपक्ष ने उनका बहिष्कार किया था।

सिर्फ दो साल पहले ही, बांग्लादेश जैसी स्थिति के कारण शक्तिशाली राजपक्षे परिवार श्रीलंका से पलायन कर गया था। पड़ोसी म्यांमार में भी हालात स्थिर नहीं हैं और पाकिस्तान जैसे-तैसे अपना अस्तित्व कायम रखे हुए है। बांग्लादेश का घटनाक्रम भारत के लिए बहुत नकारात्मक साबित होगा। इसका एक कारण यह है कि नई दिल्ली ने अवामी लीग सरकार के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने का निर्णय लिया था, जबकि हमारे पश्चिमी मित्रों ने इसके विरुद्ध विनम्र चेतावनियां दी थीं। अमेरिका और ब्रिटेन ने साफ कहा था कि जनवरी में वहां पर हुए चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं थे। बांग्लादेश को अमेरिका द्वारा प्रायोजित लोकतंत्र शिखर सम्मेलन से भी बाहर रखा गया था।

चिंता का सबब जमात-ए-इस्लामी भी है। इस संगठन पर लगा प्रतिबंध अब हटने के आसार हैं और यह पाकिस्तान की आईएसआई की मदद से भारत के खिलाफ अपने जहरीले अभियान को अंजाम देने के लिए स्वतंत्र हो जाएगा।

वहां के मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) का कहना है कि उसे भारत से कोई समस्या नहीं है। मीडिया से बात करते हुए संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि भारत बांग्लादेश के लिए महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ बीएनपी नेता खांडेकर मुशर्रफ हुसैन ने पीटीआई को बताया कि बांग्लादेश को दोनों देशों के बीच संबंधों में एक नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है। पार्टी के उपाध्यक्ष अब्दुल अवल मिंटू ने कहा कि बांग्लादेश भारत को एक दोस्त के रूप में देखता है। लेकिन अंतरिम सरकार द्वारा विदेश नीति की देखरेख के लिए पूर्व विदेश सचिव तौहीद हुसैन की नियुक्ति नई दिल्ली में खतरे की घंटी बजा सकती है।

समस्या यह है कि बांग्लादेश के हिंसक और राजनीतिक उथल-पुथल से भरे इतिहास को देखते हुए अब वहां पर स्थिति को स्थिर करने के लिए असाधारण प्रयास करने होंगे। भारत को ऐसी परिस्थितियों से उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों के लिए तैयार रहना होगा, जिन्हें ढाका की सरकारों के लिए नियंत्रित करना मुश्किल हो सकता है। बांग्लादेश भारत के पांच राज्यों की सीमा से लगा हुआ है और पहले भी वहां अलगाववादियों और आतंकवादियों को समर्थन मिलता रहा है।

अगर नई दिल्ली ने शेख हसीना को भरपूर समर्थन दिया था तो इसका कारण यह भी था कि उन्होंने इन तत्वों को रोकने के लिए भारत को भरपूर समर्थन दिया था। भारत और उसके पड़ोसियों के बीच अच्छे संबंध आज भी नेतृत्व करने वाले व्यक्ति पर अधिक निर्भर करते हैं। क्या हम अपने पड़ोसी देशों में बारम्बार होने वाले सत्ता-परिवर्तनों के बावजूद अपने हितों की रक्षा कर सकते हैं?

# खिदमते ख़ल्क़ खुदा की रजामंदी का अहम सबब

दीन-ए-इस्लाम में तमाम इंसानियत के साथ हमदर्दी व ग़मख्वारी को बड़ी कद्र की निगाह से देखा गया है। कुरआन व हदीस में जगह जगह इंसानियत की खिदमत को बेहतरीन अख़्लाक और बहुत बड़ी इबादत क़रार दिया है, खुदा तआला ने शुरू ही से पैग़म्बरों की अहम ज़िम्मेदारियों मे खुदा की मखलूक पर शफकत व रहमत और उनकी खिदमत को शुमार किया है, इस ज़िम्मेदारी को उन्होंने बहुत ही बेहतर तरीके से अंजाम दिया है, पैग़म्बरे इस्लाम ने भी मदीना मुनव्वरा मे रिफाही और आम जनता के लिए खुशहाली की रियासत कायम की, और इस्लामी तालीमात मे खिदमत ए ख़ल्क़ पर बहुत ज़्यादा तवज्जोह दी गई है।

खिदमत -ए-ख़ल्क़ की असल वजह अपनाइयत का जज़्बा होता है, जितना करीबी आदमी होगा खिदमत का जज़्बा उतना ही सख़्त होगा और यह जज़्बा फ़ितरी है, लेकिन कभी-कभी ज़ाती अगराज़, गिरोही मफादात और नफसानी ख्वाहिशात इस जज़्बे पर गालीब आ जाती है। इसलिए दीन-ए-इस्लाम ने इन खराबियों के खात्मे के लिए खिदमत-ए-ख़ल्क़ को इबादत और खुदा की खुशनुदी हासिल करने का ज़रिया करार दिया है। खिदमते ख़ल्क़ अख़्लाकियात का अहम बाब है। इसीलिए दीगर मज़ाहिब में भी इसकी तालिमात मिलती हैं लेकिन इस्लाम में जिस जामिइअत (तमाम शक्लों को सामने रखते हुए) के साथ इस पर ज़ोर दिया हैं वो इस्लाम ही की खुसूसियत है। यहाँ तक कि मख़लूक़ की खिदमत को ख़ालिक़ की खिदमत क़रार दिया गया है। ईस्लाम में ईबादत की दो किस्में है। 1 बदनी 2 माली । और माली ईबादत का अहम मकसद खिदमते ख़ल्क़ है, इस लिए क़ुरआन में बहुत सी जगहों पर नमाज़ के साथ-साथ जक़ात का हुक्म दिया गया है और भी बहुत सी जगहों पर खुदा की खुशनूदी हासिल करने के लिए माल व दौलत ख़र्च करने का हुक्म दिया गया है। कुछ लोगों के सामने सिर्फ अपने मफादात और अपनी ख्वाहिश होती है! दुसरे से तो फायदा उठाते है। लेकिन किसी के काम आना नहीं चाहते। या कुछ लोगो में खिदमत का जज़्बा तो होता है लेकिन नजर मेहदूद होती है। इसलिए दीने इस्लाम इस तअस्सुब और तंग-नजरी के खिलाफ पूरे समाज, पूरी कौम की खिदमत का सबक देता है! और तमाम मख़लूक़ात को खुदा का कुन्बा क़रार देता है! खिदमते ख़ल्क़ का जज़्बा तो हर एक को होता है। लेकिन अमली तौर पर पैश कदमी कम ही देखने में आती है।

हालांकि इसके बग़ैर समाज की मुश्किलात दूर नहीं हो सकती! थोड़ी बहुत या फोरी मदद समाज की मुश्किलों के लिए काफी नहीं है। बल्कि लोगों की मोहताजी, बेरोजग़ारी, तंगदस्ती, और मज़बूरी को दूर करने के लिए मुनज़्ज़म कोशिश की जानी चाहिए! उनको अपने पैरो पर खड़ा होने के लिए मौके मिलना चाहिए जैसे: मिस्कीन, फक़ीर, यतीम वगैरह को रोजग़ार दिलवाना, या उन्हें कोई हुनर सिखा देना वगैरह, ये भी समाज की बड़ी खिदमत है। इस्लाम ने इंसान की फोरी मदद पर उभारने के साथ- साथ मदद की कुछ शक्लें भी बयान कर दी हैं। यह वो शक्लें है! जो समाज को ऊपर उठाने में बड़ी फायदे मंद है। जैसे माली मदद करना, कज़्र् के ज़रिए मदद करना, ज़रूरत की चीज़ें देना, कोई चीज़ बतौर कज़्र् देना, कारोबार में शरीक करना, सलाह व मशोरा देना, मज़लूम की हिमायत करना वगैरह। कभी कभी एक ही चीज़ की कई लोगों को ज़रूरत होती है, रिफाही काम बड़े पैमाने पर लोगों की ज़रूरीयात को पूरा करने के लिए किए जाते हैं। इसकी बहुत सी शक्लें हो सकती है। जैसे: सफाई, सुथराई का ख्याल रखना, खाने - पीने की चीज़ें बांटना, मुसाफिर खाने, शिफा खाने बनाना, ईबादत, तालीम व तर्बियत, जैसे दीनी मक़सद के लिए जगह बनाना, पेड़ पौधे लगाना वगैरह। इसी के साथ-साथ इस्लाम मे लोगों की मुश्तरक किसी भी चीज़ को नुकसान पहुंचाने से सख्ती के साथ मना किया है। ईस्लाम में मोहताजों की मदद पर काफी ज़ोर दिया है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि ये तबका हमेशा ही मोहताज बना रहे। और ऊपर उठने की कभी कौशीश न करें। अगर कोई आदमी भीख मांगने को अपना पेशा बना लेता है तो उस की मदद करना बिल्कुल सही नहीं है बल्कि गुनाह की बात है।

इस्लाम में सिर्फ किसी काम का अच्छा होना ही काफी नहीं, बल्कि नियत भी अच्छी होनी चाहिए तभी इसके ज़रिए खुदा की रज़ामंदी हासिल हो सकती है। लेकिन अगर दूसरो को उभारना म

क़सूद हो तो दिखाकर भी मदद की जा सकती है, लेकिन अगर कोई शोहरत और नामवरी या किसी मक़सद के लिए मदद करता है तो खुदा की नजर में उस की कोई अहमीयत नहीं। और इसी तरह किसी की खिदमत करके ऐहसान जताना, ये भी ना पसंदीदा चीज़ है। और अपनी नेकी और सवाब को खत्म करने के बराबर है।

# झुंझुनूं ईदगाह का होगा कायाकल्प

## शहर काजी सफीउल्लाह एवं एम.डी. चोपदार ने फावड़ा चलाकर की शुरूवात



झुन्झुनूं (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय स्थित ईदगाह परिसर में आज शहरकाजी सफीउल्लाह एवं राजस्थान मदरसा बोर्ड के चैयरमेन एम.डी. चोपदार ने फावड़ा चलाकर काम की विधिवत शुरूवात की। ईदगाह कर्बला कमेटी के सदर खादिम खोखर ने बताया कि वर्षो से ईदगाह में नया फर्श करीब 35 हजार फीट पर पत्थर लगाने, दरवाजा एवं मेंबर और दीवारों के काम के लिये कमेटी प्रयासरत थी। दो दिन पूर्व ही समाजसेवी मरहूम डॉ. सलाऊदीन चोपदार के सुपुत्र एवं राजस्थान मदरसा बोर्ड के चैयरमेन एम.डी. चोपदार ने हमें काम करवाने की हरी झंडी दे दी थी। इसी संदर्भ में आज ईदगाह कर्बला कमेटी के सभी पदाधिकारियों एवं शहरकाजी सफीउल्लाह साहब तथा सदस्यों ने फावड़ा चलाकर ईदगाह के सौन्दर्यकरण की शुरूवात की एवं शहरकाजी सफीउल्लाह साहब ने देश में अमन चैन एवं ईदगाह के सौन्दर्यकरण के काम के लिये दुआ की। इस अवसर पर कमेटी के कोषाध्यक्ष इकबाल मलवान, उपाध्यक्ष मास्टर युनुस भाटी, उपाध्यक्ष तोफिक पठान, उपाध्यक्ष जाफर तेली, मदरसा कमेटी के अध्यक्ष इमरान बड़गुजर, पार्षद उमर कुरेशी, इमरान फारूकी, हाजी सरीफ धोबी, हाजी सलीम धोबी, इस्तियाक खान, इमरान राईन, मनवर दीवान, अजीज मोयल, रफीक चोपदार, उस्मान चोपदार, लतीफ खानजादा, मो. सदीक खोखर, इरफान खान, सज्जाद मलवान, शाह विलायत दरगाह के गद्दीनशीन खुशी मोहम्मद नक्सबंदी, अनीश कुरेशी, अब्बास अली सैयद सहित काफी गणमान्यजन मौजूद थे। कमेटी के उपाध्यक्ष मास्टर युनुस भाटी ने चोपदार परिवार का एवं सभी आये हुए लोगों का आभार व्यक्त किया।

# अहीर समाज के छात्रावास में डॉ. राजकुमार यादव का अभिनंदन समारोह संपन्न




बारां (रॉयल पत्रिका)। शहर के मेलखेड़ी रोड़ स्थित अहीर समाज के छात्रावास में चल रही 7 दिवसीय भागवत कथा के समापन के बाद कार्डियोलॉजिस्ट हेड ऑफ द डिपार्टमेंट हार्ट के विभागाध्यक्ष सवाई मानसिंह हॉस्पिटल जयपुर से आए डॉक्टर राजकुमार यादव का अहीर समाज की कार्यकारणी द्वारा अभिनंदन कर साफा बंधी की। कार्यसमिति एवं समाज के लोगो के साथ किसान प्रतिनिधियों ने भी डॉक्टर यादव को स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामस्वरूप यादव ने की। डॉ राजकुमार यादव मेलखेड़ी ग्राम के पटेल घांसीलाल के दूसरे पुत्र है। डॉक्टर यादव ने कहा की मेरी पढ़ाई के प्रेणास्त्रोत मेरे पिताजी है। मुझे डॉक्टरी पढ़ने का मानव सेवा करने का रास्ता पिताजी ने ही बताया हैं, मैं हर समय उनके प्रत्येक वाक्य को आत्मसात करते हुए इस मानव सेवा को कर पा रहा हूं आप सबका आशीर्वाद हमारे समाज के सभी बच्चों को पढ़ने के लिए स्वस्थ रहने के लिए एवं बुजुर्ग सेवा करने के लिए प्रेरित करता हूं डॉक्टर यादव ने अपने जीवन की संपूर्ण कहानी समाज को बताते हुए कहा कि बच्चों में संस्कार डालने के लिए हमारे सिद्धांत होने चाहिए। डॉक्टर यादव के साथ उनकी बेटी लीना यादव न्यायिक सेवा में है इसके अलावा डॉक्टर यादव के साथ उनकी टीम के डॉक्टर देवी प्रसाद सैनी, नर्सिंग ऑफिसर रोशन लाल यादव भी साथ रहे। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

ग्रामीणों ने किया स्वागत : मेलखेड़ी छापर गांव में ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर वह मिठाई खिलाकर हार्ट ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ राजकुमार यादव व उनकी टीम का स्वागत किया। डॉ यादव मूलतः मेलखेड़ी के रहने वाले हैं थर्ड हार्ट ट्रांसप्लांट करने के बाद पहली बार मेलखेड़ी पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया उनके साथ उनकी बेटी न्यायिक मजिस्ट्रेट लीना यादव भी थी। मदन गौड़, लक्ष्मीनारायण, अमरलाल सुमन, साबू यादव, योगेश, अंकित, रोहित, प्रमोद अंतिम, बब्लू मीणा, प्रशांत आदि ने स्वागत किया।

# अंसारी वेलफेयर सोसाइटी कोटा के निर्विरोध चुनाव सम्पन्न

कोटा (रॉयल पत्रिका)। अंसारी वेलफेयर सोसाइटी कोटा के त्रैवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष सहित तीनों पदों पर निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुए। प्रभारी मोहम्मद अशफ़ाक़ ने बताया की चुनावी प्रक्रिया चुनाव अधिकारी अमजद खान एडवोकेट के निर्देशन मे सम्पन्न हुई तथा रिजल्ट घोषित होने के बाद चुनाव



संरक्षक रिज़वानुद्दीन अंसारी के अनुसार इंजीनियर सिराज अहमद अंसारी अध्यक्ष, ज़हूर अहमद जनरल सेक्रेट्री तथा अब्दुल मजीद अंसारी कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। मीडिया अधिकारी ने तीनों पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी मेम्बरान ने निर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी।

# भाजपा सदस्यता अभियान अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला संयोजक व सह संयोजक नियुक्त



अंता (रॉयल पत्रिक )। भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती,भाजपा बारां जिला अध्यक्ष नंदलाल सुमन व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश संयोजक डॉ. मजीद मलिक कमांडो के निर्देशानुसार अल्पसंख्यक मोर्चा बारां जिला अध्यक्ष मकसूद अली के द्वारा भाजपा द्वारा चलाये जाने वाले सदस्यता अभियान के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बारां के जिला संयोजक व सह संयोजक की घोषणा की गई, जिनमे जिला संयोजक पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सईद अंसारी, सह संयोजक भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री तनवीर खान, असलम मंसूरी बारां , डॉ. हमीद अंसारी मांगरोल व आरिफ मेव भंवरगढ़ को नियुक्त किया गया है।

# राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य के सेवानिवृत होने पर छात्रसंघ महासचिव साजिद के नेतृत्व में किया स्वागत



बारां (रॉयल पत्रिका)। राजकीय महाविद्यालय बारां के प्राचार्य डॉ कृष्ण मुरारी मीणा को राजकीय महाविद्यालय बारां से सेवानिवृत होने पर छात्रसंघ महासाचिव साजिद हुसैन के नेतृत्व में कॉलेज के छात्रों द्वारा स्वागत सत्कार कर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बोलते हुए साजिद हुसैन ने कहा की प्राचार्य डॉ के एम मीणा द्वारा दी गई सेवा काफ़ी अहम व अतुल्य रही है आपके व्यवहार सरलता निष्पक्षिता काम कर्म अपनापन सभी में बहुत ही सराहनीय है जिन्होंने अपने पद पर रहते हुए इस राजकीय महाविद्यालय बारां के लिए कई ऐसे कार्य किए जिसका सीधा लाभ आज देखा जाए तो छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा के रूप मे मिल रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं एक सामाजिक कार्यकर्ता बन कर भी सभी की सेवा की। हर समय छात्र छात्राओं की छोटी बड़ी कोई भी समस्या का समाधान तुरंत करना यहीं आपकी पहचान थी, उनकी सेवा के लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। प्राचार्य कक्ष में स्वागत करने वालों में नीरज, केशव, दर्शन, जसवंत, अभिषेक, निकिता, साक्षी, कपिल, राहुल आदि मौजूद रहे।

# दरा की नाल में आए दिन लग रहा जाम, जान पर पड़ रहा भारी

सुकैत (रॉयल पत्रिका)। जयपुर को जबलपुर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर मुकुंदरा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आने वाली दरा की नाल में आए दिन जाम लगता है। इससे राजस्थान और मध्यप्रदेश के वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इस कारण कई बार तो लोगों को जंगल में ही रात बितानी पड़ती है। एम्बुलेंस तक फंस जाती है। इससे मरीजों की जान पर बन आती है। पिछले दिनों एक एम्बुलेंस जाम में फंस गई थी। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए दरा से वापस झालावाड़ ले जा रहे थे, तभी मरीज की मौत हो गई। जबकि वाहन चालकों को कोटा से झालावाड़ तक जाने के लिए दो जगह टोल टैक्स देना पड़ता है। जानकारों का कहना है कि दरा की नाल में एक ही रास्ता है, यही जाम का कारण है। ऐसे में एक और मौखा (एक और रास्ता) चालू कर दिया जाए तो आमजन को काफी हद तक राहत मिल सकती हैं। जाम दरा की नाल में पल-पल में लगने वाले जाम के कारण अब तो इस रूट पर गुजरने वाले वाहन चालक पहले ही रूट की जानकारी लेकर आगे बढ़ते है। जाम के हालात रात्रि के समय ज्यादा खराब होते हैं। कोटा स्टोन और सेण्ड स्टोन से भरे ट्रीले रात में ही गुजरते हैं। कई बार ट्रोले फंस जाते हैं। इससे लम्बा जाम लग जाता है। जाम में एम्बुलेंस फंस जाती है। ऐसे में मरीजों की जान पर बन आती है। पिछले दिनों अकवासा झालावाड़ से मरीज को लेकर जा रही एम्बुलेंस जाम में फंस गई। मरीज की हालत ज्यादा गम्भीर होने से उसको बाइक से निकाला गया तो कोटा पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। जाम में एम्बुलेंस के फंसने का आए दिन नजारा देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि दरा की नाल से प्रतिदिन औसतन 7 हजार वाहन गुजरते हैं। इसमें कोटा, झालावाड़ जिले से लेकर मध्यप्रदेश के भोपाल इंदौर, जबलपुर तक के वाहन शामिल है। स्थिति यह है कि जाम लगते ही कुछ देर में ही वाहनों की कतार किलोमीटर तक लग जाती है। इसमें देरा तक दूसरी और सहरावदा तक वाहनों की कतार लगती है। जाम अधिक समय तक लगता है तो वाहनों को मंडाना टोल पर रोका जाता है। जाम में बसों में सफर करने वाले यात्रियों को अधिक समस्या होती है। पुलिस जाप्ता लगाना पड़ता है। जाम की समस्या के चलते दरा की नाल पर दो पारियों में आठ पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं, जो जाम खुलवाने का प्रयास करते हैं। जाम अधिक होने पर मोड़क थाना पुलिस भी आती है। नाल पर तैनात जवानों का कहना है कि जाम में वाहन चालक जल्दी निकलने का प्रयास करते है और अपनी लाइन को छोड़कर दूसरी लाइन में आते हैं, जिससे जाम खुलवाने में समस्या होती है।

ये काम जरूरी

दरा की नाल में एक बार में एक ही बड़ी गाड़ी आ-जा सकती है। नाल के भीतर सड़क पर गड्ढे हैं। आए दिन भरते हैं, लेकिन बारिश का सारा पानी नाल से ही जाता है, इससे सड़क उखड़ जाती है। यहां सीसी रोड की जानी चाहिए। टाइगर रिजर्व में आने वाली सात किमी की सड़क के दोनों तरफ क्षतिग्रस्त हो गई, उसकी प्राथमिकता से मरम्मत हो। दरा नाल से वाहन गुजरने के लिए एक और मौखा बनाया जाना चाहिए। राज्य बजट में इसकी घोषणा भी की है। सीसी सड़क बनाने के लिए बीस दिन का समय लगता है, इतने लम्बे समय तक सड़क बंद नहीं कर सकते। साथ ही, रेलवे भी सीसी सड़क बनाने के लिए सहमति नहीं देता। क्षतिग्रस्त सड़क को कुछ दिनों बाद डामर करके सही किया जायेगा। जाम के हालात से निपटने के लिए एक और नाल बनेगी, जल्दी ही उसके लिए विभाग प्रयास कर रहा है।

# मर्कजी तंजीम अहले सुन्नत के सदर बने आबिद देशवाली



बारां (रॉयल पत्रिका)। मर्कजी तंजीम अहले सुन्नत वल जमात की एक बैठक दिनांक 1 सितंबर 2024 बरोज़ इतवार को बाबा फूल पीर साहब जमात खाने में शहर काजी मोहतमिम अब्दुल कय्यूम साहब की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पूर्व सदर रईसुद्दीन शेख ने कार्यकाल समाप्त होने पर अपना इस्तीफा जिम्मेदारान को पेश कर कमेटी भंग की। इसके साथ ही नए सदर के रूप में अक्सरियत राय से मोहम्मद आबिद देशवाली को मुन्तख़ब किया। सेकेट्री ज़ोई अलीफ़ अंसारी और खजांची के पद की जिम्मेदारी इरफान अशरफी को दी गई। नये सदर आबिद देशवाली और उनकी कमेटी ने समाज की भलाई को सर्वोपरि और ईमानदारी व पूरी वफादारी के साथ काम करने के अहद के साथ अपना पद संभाला मीटिंग में शहर के मुअज्जिज लोग मोजूद रहे जिन्होंने गुलपोशी कर नए सदर और उनकी कमेटी का स्वागत किया। मीटिंग में सरपरस्त अब्दुल सलाम कादरी, पूर्व सदर रईस उद्दीन शेख, शहर वक्फ कमेटी चेयरमैन इरफान अंसारी, पूर्व वक्फ कमेटी चेयरमैन जाकिर मंसूरी, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष शाहिद कुंडी, एडवोकेट फिरोज खान, शाहिद हुसैन, कदीर भाई, आमीन देशवाली, मुन्ना बाबा, सलाम भाई, इरशाद अंसारी, शाहिद इकबाल भाटी, हनीफ काजी, समीर मयूर, हाफिज मोहम्मद अयूब रिजवी, हाफिज मोइनुद्दीन, हाफिज इंसाफ, अशरफ अली, अनवर हाशमी, सलीम भाई, मोहम्मद अफाक सहारा, वसीम बंटी, मोहम्मद अशफाक मयूर, पिंकू भाई आदि मोजूद रहे।

# न्याय पाने के लिए चार महीने से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही जशोदा



झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। एक ओर राजस्थान पुलिस का ध्येय वाक्य 'अपराधियों में भय, आमजन में विश्वास' है वहीं दूसरी ओर झालावाड़ जिले की डग निवासी परित्यक्ता जशोदा सहित 4 दिव्यांगो ने पुलिस पर दबंगो का साथ देने व पीड़ितों को नाजायज परेशान करने का आरोप लगाया है । डग निवासी जशोदा पुत्री मन्नालाल जाति मेहर ने 29 अगस्त, 2024 को न्याय दिलवाने की मांग को लेकर झालावाड़ मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को ज्ञापन सौंपा । पीड़िता मेहरा ने ज्ञापन में बताया कि 2021 में ग्राम पंचायत डग द्वारा प्रशासन गांव संग अभियान के शिविर में हम 6 लोगों को 12x12 के प्लाट के निशुल्क पट्टे दिय गए थे, जिस पर मालिकाना हक हमारा है । लेकिन अब उन प्लाट पर दबंग लोगों द्वारा नाजायज तरीके से निर्माण किया जा रहा है । वही हमारे पट्टे को ग्राम पंचायत डग द्वारा फर्जी बताया जा रहा है । हमने पूर्व में छोटे अधिकारी से लेकर उच्च स्तर तक सभी जगह शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ साथ ही परित्यक्ता ने डग थाना पुलिस द्वारा परेशान करने व दबंगों का साथ देने का भी आरोप लगाया । इस संबंध में जशोदा ने बताया कि जब थाने में हमने दबंगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई तो पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया और उल्टा हमें ही थाने में बिठाकर दबंग का साथ देते हुए लीपापोती कार्यवाही करने का आरोप लगाया है और यह माजरा आम जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने झालावाड़ मिनी सचिवालय के सामने किया धरना

**फिरोज खान वारसी**



झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार जिला झालावाड़ के द्वारा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार के नाम पूर्व में ज्ञापन सौंपा व शासन प्रशासन एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विधि का पालन न करने और ठगी पीड़ितो का भुगतान न करने के विरूद्ध अनिश्चितकालीन असहयोग आन्दोलन सत्याग्रह के माध्यम से किया व ज्ञापन के माध्यम से बताया कि संसद ने सर्वसम्मति से वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजनायें पाबन्दी कानून 2019 (बैनिंग ऑफ अनरेग्युलेट डिपॉजिट स्कीम्स एक्ट 2019) बनाकर ठग कम्पनीज एवं ठग सोसायटीज में डूबी हुई जमा राशि को पीड़ित आवेदक को 180 दिन में जमा राशि को दो से तीन गुना वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था। जिन कम्पनियों ने ठगी पीड़ितों का भुगतान नहीं किया वो सांई प्रकाश लिमिटेड, ए.ए. सीएल पर्ल इण्डिया लिमिटेड़, सहारा इण्डिया लिमिटेड, जी ए डेयरी गोल्ड लिमिटेड़ जी लाईफ इण्डिया लिमिटेड, मालवा अंचल इण्डिया लिमिटेड, आदर्श क्रेडिट कोपरेटिव सोसायटी, संजीवनी क्रेडिट कोपरेटिव सोसायटी, किसान क्रेडिट कोपरेटिव सोसायटी, लोट्स क्रेडिट कोपरेटिव, बीपीएन सन शाइन इण्डिया लिमिटेड, एन आईसी एल इण्डिया लिमिटेड, सांई प्रसाद इण्डिया लिमिटेड, हलधर इनवेशट मेन्ट लिमिटेड, ग्रीन लीप लिमिटेड, फूचर मेकर लिमिटेड सहित कई कम्पनियों पर आज तक नोटिस जारी नहीं किये गए है। ठग पीड़ित जमाकर्ता परिवार के जिला अध्यक्ष रतनलाल ने बताया कि अनेक राज्यों, जिलो एवं तहसीलों में अभी तक भुगतान पटलों की स्थापना तक नहीं हुई है। और बईमान सिस्टम एवं व्यापक अधिनियम की अवहेलना करते हुए गैर कानूनी रूप से सहारा, सीआरसी, सेबी, पर्ल्स जैसे पोर्टल खोलने का झांसा देकर बीयूडीएस एक्ट 2019 को खत्म करने की साजिश रच रहा है। ठगी पीड़ित लोग परिवार, जमाकर्ता द्वारा दिनांक एक सितम्बर 2024 सुबह दस बजे से झालावाड़ जिला कलेक्टर मिनी सचिवालय के सामने धरना प्रदर्शन प्रारम्भ किया एवं तहसील और पुलिस थाना समेत सम्पूर्ण देश में बईमान सिस्टम के विरूद्ध अहिंसक, शान्तिपूर्ण अनिश्चितकालीन असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ कर दिया है और हमारे सत्याग्रही सत्यग्रह धरना स्थल पर ही मांग पूरी न होने तक दिन रात बैठे रहने की बात की साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में भी जिला अधिकारी झालावाड़ को ज्ञापन सौंपा था, इस अवसर पर रामस्वरूप किराड़, दुलीचन्द मीणा, बजरंग, माणकचन्द, रामभरोस कटारा, शमशुद्दीन गौरी, शिवनारायण, सुरेश, धनराज, पीर मोहम्मद, हेमराज, प्रकाशचन्द, कालूलाल लोधा, भैरूलाल राठौर सहित कई जमाकर्ता लोग मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर रही झुंझुनूं शहर के दौरे पर

## -सरकारी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, समाज कल्याण के छात्रावासों, स्वास्थ्य केंद्र व उचित मूल्य की दुकानों का किया निरीक्षण

**मोहम्मद आरिफ चंदेल**

झुंझुनूं (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल शनिवार को झुंझुनूं शहर एवं ग्रामीण इलाकों के दौरे पर रही । इस दौरान उन्होंने सरकारी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों, उचित मूल्य की दुकानों व उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया ।

**सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण :-**

शनिवार को कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने खिदरसर गांव के महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल, खंगा का बास के राजकीय प्राथमिक विद्यालय व झुंझुनू शहर के शहीद इंद्रसिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सैनिकपुरा के प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया । इस दौरान कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की गतिविधियों की धरातल पर क्रियान्वित व स्कूलों में शैक्षणिक स्तर की जांच की । महात्मा गांधी स्कूल खिदरसर के कंप्यूटर लैब, रोबोटिक लैब के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए की सिलेबस के अनुसार छात्रों को शैक्षणिक कार्य करवाया जाए । उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूल में साइंस लैब की स्थापना के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए । इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया व शैक्षणिक स्तर की जांच की । खंगा का बास के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण मे 51 बच्चों का नामांकन पाया गया। इस दौरान स्कूल में बच्चों की उपस्थिति कम पाई जाने पर कलेक्टर ने संस्था प्रधान को निर्देश दिए कि बच्चों के अभिभावक से संवाद कर को बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए जागरूक करें ।

शहर के सैनिकपुरा की प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने मिड डे मील का निरीक्षण किया जिसमें रोटी व सब्जी बनाई हुई थी । उन्होंने मिड डे मील खाकर खाने की गुणवत्ता को चेक किया । उन्होंने मिड डे मील की गुणवत्ता को अच्छा बताया । इस दौरान कलक्टर ने स्टोर, रसोईघर व शौचालयों का निरीक्षण कर साफ सफाई रखने के निर्देश दिए ।



इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुभाष ढाका, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मनोज ढाका, एडीईओ प्रमोद आबूसरिया, सीबीईओ महेंद्र सिंह जाखड़ मौजूद रहे।

**उप स्वास्थ्य केंद्र पुरा की ढाणी का किया निरीक्षण :-**

उप स्वास्थ्य केंद्र पुरा की ढाणी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र के रिकार्ड्स की जांच कर टीकाकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली । वहीं स्वास्थ्य कार्यकर्ता से उपलब्ध दवाइयां के स्टॉक की भी जांच की ।

**आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण :-**

शनिवार को जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने खंगा का बास, शहर के वार्ड नंबर 41, वार्ड नंबर 39 व मिल्लत नगर के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान खंगा का बास के आंगनबाड़ी केंद्र का भवन जर्जर हालत में पाया गया । जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नए भवन के निर्माण का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए व कहा कि नया भवन डीएमएफटी फंड से द्वारा निर्मित करवाया जाएगा । निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों से कलेक्टर ने बातचीत की, बच्चों की वर्क बुक में की गई गतिविधियों का अवलोकन किया । इस दौरान पाया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चे नियमित रूप से नहीं आ रहे है वहीं उनके पूर्व प्राथमिक शैक्षणिक स्तर भी कमजोर है । जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित सीडीपीओ को सुधार के निर्देश दिए । इस दौरान जिला कलेक्टर ने बच्चों के शारीरिक माप रजिस्टर व संबंधित रिकॉर्ड की जांच की । उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि सभी बच्चों का हाइट और वजन लेकर पोषण ट्रैकर एप पर इंद्राज करें साथ ही रिकॉर्ड संधारित करें। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरित किए जाने वाले सेनेटरी नैपकिन की जांच की गई । आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से सेनेटरी नैपकिन की गुणवत्ता, वितरण व स्टॉक के बारे में जानकारी ली गई । इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बृजेंद्र सिंह राठौड़, सीडीपीओ मंजूलता मील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे ।

# उर्स आला हजरत अलैहिर रहमा दारुल उलूम इस्हाकिया जोधपुर में



जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। 25 सफर 1446 हिजरी मुताबिक 31 अगस्त 2024 बरोज सनिचर दारुल उलूम इस्हाकिया जोधपुर मे हजरत अल्लामा मुफ्ती शेर मोहम्मद खान साहब रिजवी की सदारत में बड़ी अकीदत के साथ मनाया गया जिसमें शहर के मोअज्जज हजरात और असातिजा ए दालुम और तलबा ने कुरान खानी करके हुजूर आला हजरत अलैहिर्रहमा की रूह पुर फुतुह को ईसाले सवाब किया उसके बाद महफिले पाक का आगाज कुराने पाक की तिलावत से हुआ ।तलबा ने अपने अपने अंदाज में नाते पाक और मन्क़बत पेश की। आखिर में जानशीने मुफ्ती ए आजम राजस्थान हजरत अल्लामा मुफ्ती शेर मोहम्मद खान साहब किबला रिजवी ने हुजूर आला हजरत अलैहि रहमा की अबकरी शख्सियत के मुख्तलिफ इल्मी गोशों पर रोशनी डाली और सलातो सलाम व दुआ पर महफिल का इखतिताम हुआ और मुल्क में अमन व शांति की दुआ की गई।

# नबी की शान में गुस्ताखी करने वाले बाबा रामगिरी के घर, आश्रम पर बुलडोजर चलाने की मांग

लाडनूं: जमात ए उलेमा, राजस्थान प्रदेश कायमखानी समाज, राजस्थान मुस्लिम महासभा के संयुक्त तत्वावधान में बाद नमाज जुम्मा को रेल्वे स्टेशन रोड़ स्थित स्टेडियम में हजारों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोग एकजुट होकर शांतिपूर्ण तरीके से खामोशी के साथ एक बहुत बड़ी रेली निकालते हुए उप जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने पहुंचे और भारत की राष्ट्रपति व केंद्रीय कानून मंत्री के नाम के अलग-अलग ज्ञापन सौंपा गया।





जमात ए उलेमा, राजस्थान प्रदेश कायमखानी समाज, राजस्थान मुस्लिम महासभा और हजारों की तादाद में उपस्थित मुस्लिम समुदाय की ओर से दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है की महाराष्ट्र के नासिक हरिनाम सप्ताह मौजे पांचाले में चल रहे उपदेश कार्यक्रम के दौरान पाखण्डी बाबा रामगिरी महाराज ने अपने दर्शकों को लाइव संबोधित करते हुए दिन ए इस्लाम और विश्व की सबसे बड़ी आबादी मुस्लिम समुदाय के प्यारे नबी हज़रत पैगम्बर मुहम्मद सल्लल्लाहू अलेहिस्सलम की शान में बहुत बड़ी गुस्ताखी की है जो बिल्कुल भी बर्दाश्त के काबिल नहीं है। इस घटिया हरकत की हम सभी मौके पर उपस्थित तमाम मुस्लिम समुदाय के नागरिक कड़ों शब्दों में निन्दा करते हैं और हम हमारे नबी पाक की शान में गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं।

ज्ञापन में मांग करते हुए लिखा है की ऐसे मुस्लिम विरोधी और दीन ए इस्लाम विरोधी लोगों के खिलाफ तुरंत प्रभाव से सख़्त से सख़्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा ऐसे लोगों को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार कर जेल कि सलाखों के पिछे डाला जाना चाहिए। इसके अलावा पाखण्डी बाबा रामगिरी महाराज के घर और आश्रम पर बुलडोजर चलाऐ जाने की भी मांग करते हुए लिखा है कि ऐसे लोगों की वजह से ही देश के हिन्द मुस्लिम समुदाय के बीच बने आपसी भाईचारा के बीच नफ़रत की दिवार पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं जो देश के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। देश में अमन चैन और आपसी भाईचारा का माहौल बनाए रखने के लिए कड़े कानून और नियम बनाने की अति आवश्यकता है, भारतीय संविधान में देश के तमाम नागरिकों को अपने हिसाब से रहने की आजादी दे रखी है, भारत देश की आजादी मे मुस्लिम समुदाय का बहुत बड़ा योगदान है जिसे याद रखा जाये तथा मुस्लिम समुदाय भारत देश के प्रति सदा वफादार रही है और जरूरत पड़ने पर देश की आन बान और शान बनाए रखने की खातिर अपनी जान की बाजी भी लगा सकते है इसलिए मुस्लिम समुदाय की वफादारी पर भविष्य में कभी उंगली नहीं उठाई जानी चाहिए। पाखण्डी बाबा रामगिरी महाराज जेसे लोग पब्लिक सिटी पाने के लिए ऐसी घटिया और नीच हरकतें करके देश हिन्द मुस्लिम समुदाय के दिलों में आपस में नफ़रत पैदा करने का कार्य करते रहते हैं जिन पर तुरंत प्रभाव से रोक लगनी चाहिए। रामगिरी महाराज की इस घटिया हरकत से हिन्दस्तान के तमाम मुसलमानो की भावनाओं को बहुत भारी ठेस पहुंची है।


इसलिए सरकार से मांग की जाती है की ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त धाराओं में कार्रवाई कराते हुए तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये तथा रामगिरी महाराज के घर और आश्रम पर बुलडोजर की कार्रवाई तुरंत की जाये ताकि कोई भी अन्य व्यक्ति किसी भी धर्म जाति समुदाय विशेष के खिलाफ भविष्य में कभी दुबारा गलती करने की भी नहीं सोचे, देश में आपसी भाईचारा कायम रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की जवाबदेही और जिम्मेदारी आम जनता के अलावा केंद्र व राज्य सरकारों की होती है इसलिए सरकारें अपनी जबाबदेही और जिम्मेदारी निभाऐ। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जमात ए उलेमा की तरफ से शाही इमाम मुख्य चीफ शहर काजी सैयद मोहम्मद अली अशरफी, मौलाना सैयद मोहम्मद मदनी, मौलाना सैयद मोहम्मद शकील, मौलाना सैयद इकबाल, मौलाना अनवार, मौलाना साबिर, मौलाना शेर मोहम्मद, काजी हाशमी, राजस्थान प्रदेश कायमखानी समाज की तरफ से सामाजिक कार्यकर्ता मो० मुश्ताक खान कायमखानी, एडवोकेट मोनू खां, एडवोकेट नबाब खां, पार्षद मुनसब खां, पार्षद ईदरीस खां, अयुब खां मोयल, असगर खां खोखर, जाहिद खां, सलीम खां, अजीज खां, पिंटू खां, अमजद खां, दिलेर खां, राजस्थान मुस्लिम महासभा की तरफ से मजीद लंगा, सिराजुद्दीन बल्खी, रमजान भुट्टा, पार्षद इस्लाम सिलावट, आबिद कुरेशी, सलीम लखारा, शाहिद, सौयब, रमजान, अनवर, तनवीर, असलम, अख्तर आदी हजारों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे।

# मोहम्मद हुसैन निर्वाण पूर्व प्रतिपक्ष नेता नगर परिषद चूरू ने रात्रि कालीन बालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित वार्ड नम्बर 26 में कौम कुरेशियान चूरू की ओर से रात्रिकालीन बॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता सोयल थीम ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष मो हुसैन निर्वाण थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर कौम काजियान व समाजसेवी संजय भाटी ने की। कार्यक्रम के अतिविशिष्ठ अतिथि शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर, पूर्व उप सभापति अनवर थीम व महबूब थीम थे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर समस्त अतिथिगणों एवं खिलाडियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथिगणों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से खेल प्रतिभाएं निखर कर सामने आती है। उद्घाटन मैच में विजेता एव उप विजेताओं को अतिथिगणों की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि नौमान सयैद, पार्षद शाहरूख खान, ईस्माईल भाटी, आबीद खान जाबासरिया, शाहिद खान, समीउल्लाह, आसिफ निर्वाण सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ह्यूमन राइट जस्टिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बने पठान और उपाध्यक्ष डॉ. तोहीद





मारवाड़ जंक्शन (रॉयल पत्रिका)। ह्मन राइट्स जस्टिस एसोसिएशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर वसीम अकरम मेव ने घोषित की राजस्थान राज्य की टीम एवं मों. खान पठान रिटायर्ड राजस्व अधिकारी मारवाड़ जंक्शन (पाली) को बनाया प्रदेश अध्यक्ष । उपाध्यक्ष डॉक्टर अब्दुल रउफ तोहीद सुकेत कोटा, मों. इब्राहिम सिलावट सांडेराव, एडवोकेट जाहिद अली जयपुर उपाध्यक्ष, • अरुण कुमार जोशी प्रवक्ता, अब्दुल रजाक चढ़वा, जफर हुसैन बलवना, मोइनुद्दीन राणावास, मों. जाहिद पाली समन्वयक, नारायण सिंह गुड़ा राम सिंह, मुस्तफा खान पठान भीलवाड़ा, मों. इंसाफ सोलंकी पाली, महासचिव, युसूफ अली जैतारण, कालू खान मोयला मारवाड़ जंक्शन सचिव, मों. यासीन पाली सह प्रवक्ता, मों. असगर कुरैशी इरफान अंसारी पाली, राकेश कुमार जोशी आउवा मारवाड़ जंक्शन, मुनाज़िर अली संयुक्त सचिव, शमीम बानो खत्री पाली, शैलेश वर्मा मारवाड़ जंक्शन, अब्दुल समद राही सोजत, रफीक उर्फ बाबू भाई गौरी संगठन । सचिव, मों. सफी भाटी, नबी बख्श छिपा मारवाड़ जंक्शन कोषाध्यक्ष, एडवोकेट मों. जावेद गौरी जोधपुर, एडवोकेट आसिफ अली, एडवोकेट मुर्तजा कुरैशी बर लीगल एडवाइजर, देवेंद्र सिंह मीणा मारवाड़ जंक्शन मिडिया इंचार्ज, इशाक मों. रानी, भोपाल खान सोलंकी पाली बरकत । अली सुमेरपुर कार्यकारी सदस्य, अब्दुल मुख्तियार नागौर, धीराराम मीणा गादाना, देवीलाल गुर्जर मारवाड़ जंक्शन, बाबू खान मेहर सोजत । सिटी को सलाहकार नियुक्त किया गया। पठान के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पुरे प्रदेश में खुशी का माहौल हैं। प्रदेश भर से पठान और कार्यकारिणी सदस्यों को सेकड़ों बधाई सन्देश प्राप्त हो रहे हैं। पठान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजिनियर वसीम अकरम मेव और उपाध्यक्ष तनवीर का आभार व्यक्त किया

# शेखावाटी अंचल के सूफी संत हजरत इज्जतुल्लाह शाह उर्फ मियां साहब का 237वां चार दिवसीय उर्स कुल की रस्म के साथ संपन्न हुआ



झुंझुनू (रॉयल पत्रिका)। बगड़ दरगाह माली गांव रोड स्थित दरगाह हज़रत इज्जतुल्लाह शाह उर्फ मियां साहब का 237वां सालाना चार दिवसीय उर्स फजर की नमाज के बाद बागड़ कस्बे में कुल की रस्म के साथ संपन्न हुआ। इससे पूर्व रात्रि में ईशा की नमाज के बाद महफिल खाने में खास महफिल हुई जिसमें पगड़ी बन्ध कव्वाल नदीम वारसी एंड पार्टी जयपुर और अजीज साबरी एण्ड पार्टी मंड्रेला ने हिंदी - उर्दू और फारसी कलाम हजरत की शान में पेश किया। खास तौर पर नसीम वारसी द्वारा पेश किया गया वलियों के वली या हजरत इज्जतुल्लाह वली तू देरो - हरम का मालिक है हां मुझ पर करम इतना कर दे काबे की तरफ रुख न सही रूख को तरफ काबा कर रोशनी से जग- मंगा रहा था। आए हुए सभी जायरीनों के लिए खाने-पीने और रहने का इंतजाम किया गया था। चार दिन तक विशेष लंगर की व्यवस्था रही। उर्स के मौके पर राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने शिरकत कर चादर पेश की। उर्स के मुबारक मौके पर दरग़ाह के गद्दी खान नारनोद, इलियास खान, हैदर अली चुरु बंटी सैनी, विजय सैनी,नाथूराम बडगूजर,मोहम्मद मुस्तफा ,सोनू पठान आदि मौजूद थे। कुल की रस्म के साथ ही उर्स संपन्न हुआ पीर दीन मोहम्मद साहब ने देशवासियों के लिए अमन चैन व भाईचारे की दुआएं की।

# जनहित के मुद्दों को लेकर सांसद राहुल कस्वां को ज्ञापन प्रेषित

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर शहर की पेयजल विदृत सड़क सहित अन्य जन समस्याओं को लेकर सासंद राहुल कस्वां को ज्ञापन प्रेषित किया गया।



जिस पर राहुल कस्वां ने तत्काल प्रभाव से सम्बंधित अधिकारीगणों को निर्देशित कर उक्त जन समस्याओं का शीघ्रता शीघ्र समाधान कर शहर वासियों को राहत प्रदान करने की बात कही । ज्ञापन प्रेषित करने वालों में कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट सद्दाम हुसैन, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, डॉ. जमील चौहान, पार्षद प्रतिनिधि अजीज खान दिलावरखानी, शोयल खान डीके, सुनील कुमार मेघवाल, खालिद कुरैशी, असलम खान मोयल, सम्मी उल्लाह, मोहम्मद आसिफ निर्वाण, अरविंद कुमार, वसीम चौहान, मुकेश कुमार, सुलेमान मणीयार, अल्ताफ रंगरेज, इब्राहीम, प्रीत चांवरिया, अरमान खान गोड़ सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# संस्कृति और स्वास्थ्य को बचाने की दिशा में अनूठी पहल है ग्रामीण खेल: डॉ. अहसान गौरी



चूरू (रॉयल पत्रिका)। घांघू में प्रतिवर्ष होने वाली जाहरवीर गोगाजी ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को मुख्य गोगामेड़ी स्थल पर किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में जांगिड़ क्लब घांघू ने जीणमाता क्लब को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।

प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीआरसीएचओ डॉ. अहसान गौरी ने कहा कि भागदौड़ और आपाधापी की इस जिंदगी से आउटडोर खेल हमारी दिनचर्या से विदा होते जा रहे हैं। ऐसे समय में कबड्डी प्रतियोगिता जैसे आयोजन हमारी संस्कृति और हमारे स्वास्थ्य को बचाने की दिशा में अनूठी पहल है। हमें इन आयोजनों का समर्थन और सहयोग करना चाहिए।

अध्यक्षता करते हुए ग्राम सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष परमेश्वर लाल दर्जी ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन नई दुनिया में छूटती जा रही पुरानी चीजों को पकड़ने की एक कवायद जैसे हैं। हमारी नई पीढ़ी को आउटडोर खेलों से जोड़ने की बेहद जरूरत है, वरना इंटरनेट, मोबाइल, सोशल मीडिया की गिरफ्त में कैद यह पीढ़ी बेहद कमजोर हो जाएगी।

इस मौके पर शिक्षाविद कासम अली, पूर्व उप सरपंच लखेंद्र सिंह दांदू, रामलाल फगेड़िया, सोहनलाल सिहाग, एपीआरओ मनीष कुमार, सौरभ नेहरा, बन्ने खान, राजेश जांगिड़, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बरकत अली, एडवोकेट पंकज शर्मा बाडेट, सोहन लाल फगेड़िया ने विचार व्यक्त करते हुए आयोजन की सराहना की। सभी अतिथियों ने गोगामेड़ी में लंबे समय तक सराहनीय सेवाएं देने वाले पूर्व उप सरपंच स्व. भंवर सिंह राठौड़ को याद किया।

कार्यक्रम संयोजक केशरदेव गुरी ने अतिथियों का स्वागत किया। एडीपीआर कुमार अजय ने आभार जताया। संचालन बीरबल नोखवाल ने किया।

# स्टाफ ने किया कार्य बहिष्कार

**डॉ. तोहिद**

सुकैत (रॉयल पत्रिका)। सरकारी सामुदायिक चिकित्सालय में शुक्रवार रात को रोगी के परिजन द्वारा नर्सिंग कर्मी से मारपीट एवं अभद्रता के मामले में आरोपी की गिरफ्तार की मांग को लेकर चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर कार्य विरोध जताया। उन्होंने चिकित्सा प्रभारी एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों की समझाइश के बाद नर्सिंग कर्मी काम पर लौटे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती एक महिला रोगी को झालावाड़ रेफर करने के बाद रोगी को एंबुलेंस तक पहुंचाने के मामले में रोगी के परिजन की नर्सिंग कर्मी नरेंद्र के साथ बहस हो गई। इसके बाद रोगी के परिजन ने नर्सिंग कर्मी के साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद नर्सिंग कर्मी ने पुलिस में लिखित शिकायत की। नर्सिंगकर्मी साथी से मारपीट की घटना के विरोध में शनिवार सुबह चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों ने कार्य बहिष्कार करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। चिकित्सा प्रभारी एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। 1 घंटे प्रदर्शन के बाद अधिकारियों की समझाइश पर नर्सिंग कर्मी काम पर लौटे। पुलिस ने बताया कि नर्सिंग कर्मी से मारपीट एवं अभद्रता के मामले में आरोपी शैलेंद्र किराड निवासी रिछड़िया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बामसेफ एवम् राष्ट्रीय मूल निवासी संघ का 25वां राजस्थान राज्य अधिवेशन पाली में हुआ सम्पन्न



पाली (रॉयल पत्रिका) । बामसेफ एवम राष्ट्रीय मूल निवासी राजस्थान राज्य का अधिवेशन पाली के माली समाज भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वामन मेश्राम, राष्ट्रीय अध्यक्ष बामसेफ नई दिल्ली ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में बिंजाराम मीणा रिटायर्ड एडिशनल एसपी तथा विशिष्ट अतिथि मा मघाराम हाथला राष्ट्रीय सचिव बामसेफ, भोपाल खान समाज सेवी, के के राव गौतम प्रदेश प्रभारी बामसेफ राजस्थान, गोमाराम रमेशा सीईसी सदस्य राष्ट्रीय मूल निवासी बहुजन कर्मचारी संघ ट्रेड यूनियन नई दिल्ली, शिवदाना राठौड़, मुर्तजा हसन, जगपाल सिंह सोनीगरा, धर्मपाल सिंह सोंथली प्रदेश अध्यक्ष बामसेफ राजस्थान, लच्छाराम चौधरी, प्रदेश सदस्य राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने अपनी बात रखी।

वामन मेश्राम ने देश के मजलूमों को एक होकर व्यवस्था परिवर्तन के संगठित होने का आहवान किया। उन्होंने बताया कि देश में ब्राह्मणी व्यवस्था ने एससी एसटी ओबीसी और माइनोरिटी बांटने का काम किया और उन्हें मानसिक गुलाम बनाया और इन पर अपनी व्यवस्था थोपी।

लोकतंत्र में मूल निवासी बहुजन 90% होने के बाद भी लोकतंत्र में उनकी व्यवस्था नहीं होना गुलाम बनाने के षड्यंत्र को नहीं समझने का परिणाम है। बामसेफ ने 1973 से देश के एससी, एसटी, ओबीसी माइनोरिटी को जागृत कर संगठित करने का काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि बामसेफ आज राष्ट्रीय स्तर की बहुजन शक्ति है जो जन आंदोलन द्वारा देश की व्यवस्था परिवर्तन कर समतामूलक समाज की स्थापना के प्रति कटिबद्ध है।

## सांचौर जिला कलक्टर ने पीएचसी व अन्नपूर्णा रसोई का किया औचक निरीक्षण



सांचौर (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर शक्ति सिंह राठौड़ ने शनिवार को चितलवाना उपखण्ड की ग्राम पंचायत झाब स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अन्नपूर्णा रसोई केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करते हुए संबंधित चिकित्साकर्मियों को निर्देशित किया कि वे केन्द्र में उपचार के लिए आने वाले ग्रामीणों के लिए बेहतर चिकित्सा प्रबंधन दवाईयों की उपलब्धता पेयजल की व्यवस्था आदि सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर शक्ति सिंह राठौड़ ने झाब स्थित अन्नपूर्णा रसोई का भी निरीक्षण किया। तथा कार्यरत कार्मिकों को आमजन को परोसे जाने वाली थाली की गुणवता बनाए रखने हेतु तथा किचन व मेस में स्वच्छता व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## दरगाह पीर की जाल में पौधरोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**मोहम्मद अब्बास**

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय से मात्र 7 किलो मीटर दूरी पर स्थित दरगाह हजरत मख्दुम पीर डाडा अब्बनशाह रे.अ. के आस्ताने पर दरगाह सचिव उके खॉ एवं एडवोकेट ईब्राहीमशाह जुनेजा ने हरियालों राजस्थान के तहत पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

दरगाह सचिव उके खॉ ने पर्यावरण सरंक्षण में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डाला। ईब्राहीमशाह जुनेजा ने कहा कि वृक्ष धरती का श्रृंगार है। सौन्दर्यकरण के लिए पेड़ पौधों का होना अति आवश्यक है। साथ ही मुख्य उदेश्य अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपन करना है, बल्कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में सार संभाल कर उन्हें विकसित करना भी हमारी जिम्मेदारी है जिससे हम सब को शुद्ध ताजा हवा मिल सके, पर्यावरण शुद्ध हो सकें। वृक्षों की कमी के चलते पृथ्वी पर कई तरह की आपदाएं आ रही है। ऐसे ही हालात रहे तो आने वाले समय में पृथ्वी पर प्राणी मात्र का संकट में रहेगा। उन्होंने उपस्थित युवाओं को आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक पौधारोपण करे। स्वच्छ पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है। वृक्षो को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है।

जिससे पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। पर्यावरण संरक्षण करना मानव मात्र का नैतिक कर्तव्य है। दरगाह एवं कब्रिस्तान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए।

इस मौके पर सिकन्दर शाह, मेहबुबशाह, अनवर खॉ सहित कई युवा मौजूद थे।

## गीतांजली हॉस्पिटल का स्वास्थ्य जागरुकता पर विशेष कार्यक्रम

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम की पहल की गयी इस कड़ी में सबसे पहली शुरुआत माहेश्वरी समाज के साथ स्व. नर्मदा देवी ऑडिटोरियम में की गयी। इसमें महेश्वरी समाज से लगभग 500 लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य समाज का निर्माण करना था जिससे प्रत्येक व्यक्ति अपनी सेहत के प्रति सजग रहे। गीतांजली हॉस्पिटल द्वारा माहेश्वरी समाज को हॉस्पिटल से जुड़ने पर इलाज लेने पर विशेष छूट दी गयी है जिसका वो लाभ ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में गीतांजली हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट डॉ हरप्रीत सिंह, डॉ संजय गांधी,डॉ अनीस जुक्कारवाला, डॉ जी.के मुखिया, डॉ पंकज गुप्ता, डॉ आशीष जाखेटिया व अन्य विभाग के डॉक्टर्स भी शामिल थे जिनको माहेश्वरी समाज के द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान गीतांजली डेंटल व रिसर्च इंस्टीट्यूट से डॉ ज्योति कुंडू द्वारा विशेष छूट कूपन की जारी किया गया व उपस्थित माहेश्वरी समाज के लोगों के बीच ये कूपन वितरित किये गए।

# दो से ज्यादा संतान वाले कर्मचारियों की पदोन्नति पर हाईकोर्ट की रोक

## -राज्य सरकार से मांगा जवाब

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के कार्मिक विभाग की 16 मार्च, 2023 में की अधिसूचना के आधार पर दो से ज्यादा संतान वाले सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति देने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कार्मिक विभाग, प्रमुख गृह सचिव और व डीजीपी सहित अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस पंकज भंडारी और वी के भारवानी ने यह निर्देश बारां व

झालावाड़ के पुलिस कार्मिक संतोष कुमार और जयदीप की याचिकाओं पर दिया। खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि किसी भी कर्मचारी की योग्यता को उसकी सेवा के पिछले सालों से कैसे तय किया जा सकता है। हाईकोर्ट के इस अंतरिम आदेश से 125 सरकारी विभागों के कर्मचारी प्रभावित होंगे।

मामले से जुड़े अधिवक्ता शोभित तिवाड़ी ने बताया कि सरकार ने एक जून, 2002 या इसके बाद दो से ज्यादा संतान वाले कर्मचारियों को तीन व पांच अवसरों तक पदोन्नति से वंचित रखा था।

# डॉ. मजीद मलिक कमांडो भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश संयोजक नियुक्त

किशनगंज (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा सदस्यता अभियान के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ मजीद मलिक कमांडो को सदस्यता अभियान के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल सुमन, विधायक ललित मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार, जगदीश मीणा, जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, भाजपा नेता नाथूलाल नागर, मण्डल अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मकसूद अली सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।



# जामिया मिलिया इस्लामिया 10 वीं से 8 वीं रैंक पर आया

नई दिल्ली। पिछले साल की तुलना में NIRF रैंकिंग 2024 के मुताबिक, देश के टॉप डेंटल कॉलेजों की रैंकिंग में बदलाव आया है। पहले नंबर पर लगातार तीसरे साल भी चेन्नई का सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज शामिल है। जामिया मिलिया इस्लामिया 10वीं रैंक से 2024 में 8वीं रैंक पर आ गया है। इस साल टॉप 10 में लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज ने भी जगह बना ली है।




जामिया मिलिया इस्लामिया एक सेंट्रल यूनिवर्सिटी है। यहां आर्किटेक्चर एंड एकीस्टिक्स, लॉ, डेंटिस्ट्री, मैनेजमेंट स्टडीज, एजुकेशन, साइंसेज और ह्मैनिटीज एंड लैंग्वेजेस जैसी टोटल 11 फैकल्टीज हैं। सभी फैकल्टीज को मिलाकर यहां टोटल 48 डिपार्टमेंट्स में पढ़ाई होती है। यूनिवर्सिटी में कुल 86 मास्टर्स प्रोग्राम ऑफर किए जाते हैं। यहां फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज से BDS की पढ़ाई कर सकते हैं।

# फुटवियर शोरुम का हुआ उद्घाटन

जयपुर। राजधानी जयपुर के खो नागोरियान स्थित अक्सा मस्जिद पर रविवार को राज फुटवियर का उदघाटन हुआ। इस दौरान आदर्श नगर ब्लॉक के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा,रशीद खान माहिगीर, पार्षद छोटू राम मीणा, पार्षद प्रत्याशी इमरान खान, मोहसिन एनएसयूआई, शरीफ हाफिज जी , हकीम माहिगीर, हबीब माहिगीर मौजूद रहे।



राज फुटवियर के मालिक रईस माहिगीर ने बताया खो नागोरियान में फूट्वितयर शॉप की कमी थी जिसको देखते हुए शॉप खोली है जहां अब लेडिस जेंट्स ओर फैंसी एवम स्कूलों के सभी ब्रांड के जूते चप्पलें मिल सकेंगें।

# तेजस्वी यादव के हिमंत बिस्वा सरमा पर दिए बयान से छिड़ा विवाद

नई दिल्ली। आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को कहा था कि 'असम के मुख्यमंत्री सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए ऐसा करते हैं।'

उन्होंने एक्स पर अपने वीडियो के साथ कुछ ऐसे शब्द लिखे जिसको लेकर बीजेपी का आरोप है कि ये नस्लीय टिप्पणी है। उन्होंने अपनी पोस्ट में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से करते हुए चीन का ज़िक्र किया है।

इस बयान पर अब तक बीजेपी और मणिपुर की बीजेपी सरकार में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह आपत्ति जता चुके हैं। लेकिन अब ख़ुद हिमंत का बयान आ चुका है।

हिमंत और बीरेन सिंह ने क्या कहा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि कोई क्या बयान दे उससे उनका काम नहीं रुकेगा।

उन्होंने पत्रकारों से शनिवार को कहा, "कौन क्या बयान देता है उससे हमारा काम थोड़े ही रुकेगा। हमारा काम तो आगे ही जाना है।"

वहीं मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने तेजस्वी यादव की निंदा की है।

सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में एन बीरेन सिंह ने लिखा, "ऐसा लगता है कि इंडी अलायंस अज्ञानी नस्लवादियों का समूह है जिसे कि हमारे देश के इतिहास और भूगोल के बारे में कोई भी जानकारी नहीं है।"

मणिपुर के सीएम ने लिखा कि 'पहले सैम पित्रोदा और अब तेजस्वी यादव जो पूर्वोत्तर के लोगों को लेकर नस्लीय सोच का शिकार हुए हैं। यह दुर्भाग्पूर्ण है कि तेजस्वी यादव जैसे राजनीतिक नेता ने असम के सीएम को केवल इसलिए चीनी बोल दिया क्योंकि वे असम से हैं।'

एन। बीरेन सिंह ने लिखा, "हम उतने ही भारतीय हैं जितना कि देश के दूसरे हिस्से के लोग और हमें इसका प्रमाण देने की ज़रूरत नहीं है। पूर्वोत्तर राज्यों के लिए इंडी अलायंस का यह नस्लभेद हमेशा के लिए बंद होना चाहिए।"

**बीजेपी कर चुकी है बयान की निंदा**

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की टिप्पणी पर बीजेपी ने उनके इस बयान पर माफ़ी की मांग की है।

तेजस्वी यादव के बयान पर पलटवार करते हुए बीजेपी प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला ने कहा, "आप अगर निर्णय से सहमत नहीं हैं तो असम के मुख्यमंत्री पर अपमानजनक टिप्पणी करने की हद तक चले जाते हैं, क्योंकि वो नॉर्थ-ईस्ट से हैं।"

"आप पूरे नॉर्थ-ईस्ट और असम के लोगों पर सिर्फ़ इसलिए टिप्पणी कर रहे हैं क्योंकि आप निर्णय से सहमत नहीं हैं।"

उन्होंने कहा, "मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि क्या ये मोहब्बत की दुकान है या नफ़रत के भाईजान हैं?"

पूनावाला ने कहा, "यह उनकी नॉर्थ-ईस्ट विरोधी सोच को दिखाता है। तेजस्वी यादव ने असम और नॉर्थ-ईस्ट के लोगों का अपमान किया है, उन्हें न सिर्फ़ माफ़ी मांगनी चाहिए, बल्कि इंडिया गठबंधन को ये बताना चाहिए कि क्या वे उनके विरोध में खड़े होंगे?"

तेजस्वी यादव ने क्या कहा था



आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को कहा था कि असम के मुख्यमंत्री सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए ऐसा करते हैं।

उन्होंने कहा, "भाजपा के लोगों ने नफ़रत फैलाने, मोदी-शाह का ध्यान आकृष्ट करने एवं समाज में ध्रुवीकरण करने के लिए मुसलमान भाइयों को सॉफ्ट टारगेट बना लिया है। कभी वक्फ़ बोर्ड का बिल आ जाता है तो कभी सीएए एनआरसी का बिल। । । ये लोग समाज में नफ़रत पैदा करना चाहते हैं।"

उन्होंने कहा कि 'जब तक हम लोग हैं, उनका कोई बाल बांका नहीं कर सकता।'

तेजस्वी यादव ने अपने बयान का वीडिया अपने एक्स सोशल मीडिया हैंडल से ट्वीट किया था। हालांकि उनके वीडियो वाले बयान में वो बात नहीं है जिस पर बीजेपी आपत्ति जता रही है। उन्होंने वीडियो के साथ किए गए पोस्ट में वो बात लिखी है जिस पर विवाद हो रहा है। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में उन्होंने वो बात ख़ुद कही है जिस पर बीजेपी आपत्ति जता रही है।

**नमाज़ को लेकर क्या हुआ है फ़ैसला**

असम विधानसभा में शुक्रवार के रोज़ जुमे की नमाज़ के लिए तीन घंटे का ब्रेक दिया जाता था, जिसे अब ख़त्म कर दिया गया है।

पहले जुमे की नमाज़ के लिए सुबह 11 बजे से 2 बजे तक सदन को स्थगित किया जाता था।

बीजेपी असम प्रदेश ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर लिखा, "सैदय सादुल्लाह द्वारा असम विधानसभा में जुमे की नमाज़ के लिए तीन घंटे के स्थगन के नियम को ख़ारिज कर दिया गया है। अब से सदन में जुमे की नमाज़ के लिए कोई ब्रेक नहीं हुआ करेगा।"

इस पर एनडीए के घटक दल जेडीयू ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है और इसे संविधान की भावना का उल्लंघन बताया है।

# प्रत्येक जिले में होगा इनवेस्टमेंट समिट का आयोजन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। 9-11 दिसम्बर, 2024 तक जयपुर में आयोजित होने वाले "Rising Rajasthan Global Investment Summit-2024 के मुख्य आयोजन से पूर्व राज्य के प्रत्येक जिले में Investment Summit का आयोजन किया जायेगा। अजिताभ शर्मा, प्रमुख शासन सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य एवं चैयरमेन, रीको ने बताया कि प्रत्येक जिले में जिला कलक्टर के नेतृत्व में इनवेस्टमेंट समिट का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्रों एवं रीको के स्थानीय अधिकारियों के सहयोग से निवेश के प्रस्ताव तैयार कराये जायेंगे। रोहित गुप्ता, आयुक्त, उद्योग, वाणिज्य एवं बी.आई.पी. द्वारा बताया गया कि जिलों में इनवेस्टमेंट समिट का आयोजन 01 अक्टूबर, 2024 से 10 नवंबर, 2024 तक होगा। इसके लिए विभाग की ओर से विस्तृत कार्यक्रम जारी किया जायेगा। साथ ही उक्त कार्यक्रम में राज्य की नवीन नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में उद्यमियों को जानकारी की व्यवस्था की गई है। समिट में नए निवेशकों हेतु प्रस्तावित निवेश के संबंध में जिला स्तर पर MoU की व्यवस्था की गई है। समिट में जिले के प्रभारी मंत्री, प्रभारी सचिव एवं अन्य विभागों यथा कृषि, खनन, यू.डी.एच., पर्यटन, शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, राजस्व, ऊर्जा, श्रम, कौशल विभाग आदि सहित समस्त प्रमुख विभागों की भागीदारी रहेगी। यह जानकारी एस एस शाह अतिरिक्त आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य ने दी।


















मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए डीबी प्रिंट सोल्यूशन्स (यूनिट ऑफ डीबी कॉर्प लि.) 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886, G-mail : royalpatrika@gmail.com, Yahoo : royal_patrika@yahoo.com